
सुविचार
कभी-कभी समय के फेर से मित्र शत्रु बन जाता है और शत्रु भी मित्र हो जाता है, क्योंकि स्वार्थ बड़ा बलवान है।

हिंदी दैनिक
सच के हक में...
# द फोटोन न्यूज
झारखंड की राजधानी रांची से प्रकाशित

रांची ● शुक्रवार, 14 अप्रैल 2023 ● वर्ष : 01 ● अंक : 88 ● रांची संस्करण ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 3 ● www.thephotonnews.com
E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com



आलिया इस साल मेट गाला में करेंगी डेब्यू
08


### शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 60,431.00 |
| निफ्टी | : | 17,828.00 |

### सर्राफा

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,755 |
| चांदी | : | 81.08 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)




इफ्तार (शुक्रवार): 06.11
सेहरी (शनिवार): 04.11

# रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन के कई ठिकानों पर ईडी ने मारा छापा

## सेना की जमीन की अवैध खरीद-बिक्री का मामला, तीन राज्यों में 22 ठिकानों पर रेड

**प्रमुख संवाददाता, रांची।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची के पूर्व उपायुक्त और आइएएस अधिकारी छवि रंजन पर कानूनी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। रांची के बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में ईडी ने गुरुवार सुबह तीन राज्यों के 22 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी ने झारखंड के रांची और जमशेदपुर के अलावा बिहार के गोपालगंज और बंगाल के कोलकाता में छापेमारी की। यह सभी ठिकाने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, उनके कार्यकाल पदस्थापित रहे चार अंचलाधिकारी, उनके रिश्तेदार, कुछ जमीन माफिया और जगतबंधु टी एस्टेट के संचालक से संबंधित हैं। पूजा सिंघल के बाद छवि रंजन झारखंड के दूसरे आइएएस अधिकारी हैं, जिनपर ईडी का छापा पड़ा है। आइएएस छवि रंजन अभी निदेशक समाज कल्याण के पद पर पदस्थापित हैं। छवि रंजन के कदमा (जमशेदपुर) स्थित लौंगिया अपार्टमेंट के आवास पर ईडी ने कार्रवाई की। ईडी के अधिकृत सूत्रों की माने तो यह छापेमारी सिर्फ सेना के कब्जे वाली जमीन से संबंधित ही नहीं है। ये मामला इसी तरह के कई जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री की जांच को लेकर हो सकता है।



रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन के जमशेदपुर स्थित इसी सरकारी आवास में ईडी ने की छापेमारी ● फोटोन न्यूज

## कदमा स्थित छवि रंजन के आवास पर नोट गिनने की मशीन लेकर पहुंची थी ईडी टीम

रांची के पूर्व डीसी और वर्तमान में झारखंड के समाज कल्याण विभाग के निदेशक आईएएस अधिकारी छवि रंजन के आवास पर गुरुवार की शाम 07:10 बजे तक ईडी की छापेमारी चली। इस दौरान कई कागजात खंगाले गये। बता दें कि ईडी ने गुरुवार की सुबह छवि रंजन के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, सिमडेगा सहित कई ठिकानों पर ईडी की छापेमारी चल। वहीं, बिहार और बंगाल में भी ईडी की रेड जारी है जमशेदपुर के कदमा स्थित छवि रंजन के आवास पर ईडी की टीम अपने साथ नोट गिनने वाली मशीन के साथ पहुंची थी। छापेमारी शुरू होने के बाद फ्लैट के नीचे किसी को अंदर जाने और किसी को बाहर निकलने नहीं दिया गया। इधर, हजारीबाग शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर स्थित मेरु में ईडी ने भरत प्रसाद के घर गुरुवार सुबह 7:00 बजे छापामारी अभियान शुरू किया। दोपहर 1:45 बजे तक छापेमारी दल घर के अंदर पारिवारिक सदस्यों से पूछताछ की। सबसे पहले छापेमारी दल के 2 सदस्य मेरु स्थित भरत प्रसाद के घर का लोकेशन की एकत्र स्थानीय लोगों से लिया। जब ईडी के सदस्यों को लोकेशन कंफर्म होने के बाद टीम के अन्य चार सदस्य सहित सीआरपीएफ के जवानों ने घर को घेर लिया।

## नामकुम सीओ, सीआई और जमीन कारोबारी के ठिकानों पर भी छापेमारी

रांची के बरियातू में सेना की जमीन खरीद बिक्री मामले में छवि रंजन के अलावा कई सीईओ, सीआई और जमीन कारोबारी के ठिकानों पर भी ईडी छापेमारी की। जानकारी के मुताबिक, नामकुम सीओ विनोद प्रजापति और जमीन कारोबारी अशरफ खान के ठिकानों पर भी ईडी की रेड चल रही है। साथ ही बड़गाई अंचल के सीआई भानू प्रताप के सिमडेगा स्थित पैतृक आवास पर भी ईडी की टीम छापेमारी की। इसी दौरान रांची में अफसर खान के यहां से ईडी ने कलकत्ता रजिस्ट्रार ऑफिस का फर्जी सील बरामद किया है। ईडी को जो दस्तावेज मिले हैं, उसपर कांके अंचल अधिकारी की मुहर भी लगी हुई है। एजेंसी ने बरामद किए हुए सभी दस्तावेज जब्त कर लिये हैं। वहीं छवि रंजन के बारे में जानकारी है कि उन्हें पहले सम्भवतः अंदेशा था कि ईडी उनसे पूछताछ करेगी, इसलिए उन्होंने पूछताछ करने से पहले एक मॉक ड्रिल की थी। उससे संबंधित कुछ कागज मिले हैं, जिसे देखने से प्रतीत होता है कि उन्होंने ईडी के संभावित सवाल के जबाब पूछताछ के स्टाइल में तैयार करवाये थे।

## जमीन संबंधी दस्तावेज मिलते ही ईडी ने बड़गाई सीआई को हिरासत में लिया

जमीन घोटाला मामले में ईडी तीन राज्यों में कुल 22 ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान ईडी को बड़गाई सीआई भानु प्रताप के सिमडेगा स्थित घर से जमीन संबंधी कई दस्तावेज मिले हैं। जिसके बाद ईडी की टीम भानु प्रताप प्रसाद को अपने साथ ले गई है। ईडी के टीम ने पत्रकारों के कोई सवाल का जवाब नहीं दिया। भानु प्रताप प्रसाद को ईडी ने हिरासत में लिया है। ईडी की टीम उन्हें अपने साथ वाहन पर बैठाकर सिमडेगा से रांची की ओर निकल गई है। इसको लेकर संभावना जताई जा रही है कि भानु प्रताप प्रसाद से ईडी की टीम पूछताछ करेगी। बताते चलें कि भानु की पहले भी दो बार गिरफ्तारी हो चुकी है। बता दें कि सीआई भानू प्रताप के सिमडेगा स्थित घर से जमीन संबंधी कई दस्तावेज ईडी ने बरामद किये हैं। बताया जा रहा है कि सीआई भानू प्रताप जमीन संबंधी कागजातों को घर में छिपाकर रखता था। जरूरत पड़ने पर घर से संबंधित जमीन के कागजात में छेड़छाड़ कर जमीन की अवैध तरीके से खरीद और बिक्री की जाती थी।



बड़गाई सीआई के घर से जमीन संबंधी मिले दस्तावेज

### ब्रीफ न्यूज

### झारखंड के सात जिलों में पारा 40 के पार

**रांची :** झारखंड के सात जिलों में अधिकतम तापमान 40 तक पहुंच गया है। अभी गर्मी और बढ़ेगी, पारा और चढ़ेगा। कई जिलों में तापमान अभी और बढ़ने की संभावना है। धीरे-धीरे राज्य के कई हिस्सों में लू और गर्म हवाएं तेज होने लगी है। अब लोगों के लिए दोपहर में बाहर निकलना मुश्किल होने लगेगा। कई जिलों में लू चलनी शुरू हो गयी है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ अभिषेक आनंद ने गुरुवार को बताया कि अप्रैल महीने में गर्मी बढ़ने के आसार हैं। रांची के तापमान में भी लगातार बढ़त दर्ज की जा रही है। अगले पांच दिनों में राज्य का तापमान 42.0 के पार जा सकता है। इसी तापमान में बढ़त होगी, लेकिन दस दिनों तक तापमान नीचे आने की संभावना जाहिर नहीं की गयी है।

### माफिया अतीक का बेटा और साथी एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में ढेर

**झांसी :** उत्तर प्रदेश की स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) ने प्रयागराज जनपद में उमेश पाल और दो सुरक्षा कर्मियों की हत्या में फरार मुख्य आरोपी माफिया अतीक अहमद के बेटे असद को ढेर कर दिया। झांसी जिले में गुरुवार को हुई मुठभेड़ के दौरान असद के साथ अतीक गिरोह का सदस्य गुलाम भी मारा गया है। दोनों पर पांच-पांच लाख का इनाम घोषित था। एसटीएफ को यह सफलता उस वक्त हाथ लगी जब दोनों दिल्ली से भागकर मध्यप्रदेश के रास्ते उप्र की सीमा में दाखिल हुए थे। इस मुठभेड़ में 40 राउंड फायरिंग होने की बात एसटीएफ द्वारा बताई जा रही है। एसटीएफ से मिली जानकारी के मुताबिक माफिया अतीक अहमद का बेटा और पांच लाख का इनामी असद अहमद साथी गुलाम के साथ गुरुवार को झांसी पहुंचा। यहां पर उसकी एसटीएफ की टीम से मुठभेड़ हो गई। बदमाशों ने टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में दोनों को मार गिराया गया। उनके पास से पिस्टल, रिवॉल्वर और विदेशी हथियार बरामद हुए हैं।

### मुंबई एयरपोर्ट पर बोर्डिंग पास की अदला-बदली करने वाले दो गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई एयरपोर्ट पर अलग-अलग देशों की यात्रा करने के लिए बोर्डिंग पास की अदला-बदली करने वाले दो विदेशी नागरिकों को सहार पुलिस स्टेशन की टीम ने गिरफ्तार किया है। इनमें एक श्रीलंका का और दूसरा जर्मन का मूल निवासी है। इस मामले की छानबीन कर रहे एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि पुलिस ने लंदन और काठमांडू जाने के लिए बोर्डिंग पास की अदला-बदली करने के आरोप में श्रीलंका के एक मूल निवासी और एक जर्मन नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को मुंबई एयरपोर्ट पर जांच करते समय जर्मन नागरिक के पासपोर्ट पर प्रस्थान मुहर जाली पाई गई थी।

## नक्सलियों की साजिश नाकाम, जंगल से पांच-पांच किलो के दो आईईडी बम बरामद

### एक आईईडी हुआ ब्लास्ट, चपेट में आने से बैल की मौत

**क्राइम रिपोर्टर, जमशेदपुर।**

पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत गोइलकेरा थाना क्षेत्र के हाथीबुरु जंगल के पास पुलिस को टारगेट कर नक्सलियों द्वारा बिछाये गये आईईडी ब्लास्ट की चपेट में एक बैल के आने से मौत हो गयी। इस दौरान सर्च ऑपरेशन में पुलिस ने पांच-पांच किलो का दो आईईडी बम भी बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि की है।

**नक्सलियों के खिलाफ पुलिस का लगातार सर्च ऑपरेशन**

पुलिस के मुताबिक, नक्सलियों के खिलाफ पुलिस का सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है। इसी के तहत दौरान पांच-पांच किलो के दो आईईडी विस्फोटक बरामद किया गया है, जिसे जवानों ने उसी जगह पर नष्ट कर दिया है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च ऑपरेशन में दो आईईडी विस्फोटक भी बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों द्वारा जंगलों में जगह-जगह आईईडी विस्फोटक लगा रखा है। इसी क्रम में गांव के पशु चरने के लिए जंगल में गये थे और इस दौरान बैल के पैर के नीचे आईईडी आ जाने से बैल की कौत हो गई है। इस अभियान में सीआरपीएफ की 60 बटालियन, कोबरा 203, झारखंड जगुवार और जिला पुलिस की टीम शामिल है।



बरामद आईईडी

नक्सलियों ने पुलिस को टारगेट कर हाथीबुरु जंगल में आईईडी बम बिछा रखा है। जिसकी चपेट में आकर ग्रामीण एवं उनके पशुओं की भी मौत हो रही है। इस घटना के बाद जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनने के बाद पुलिस टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई। नक्सलियों के खिलाफ चला जा रहे हैं और ऑपरेशन के

## देवघर में निर्माणाधीन एम्स में लगी भीषण आग मची अफरा-तफरी, मंत्री ने दिए जांच के आदेश

**वरीय संवाददाता, देवघर।**

जिले में निमार्णाधीन एम्स में गुरुवार को भीषण आग लग गई। आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। अस्पताल में मौजूद सभी लोग जान बचाकर बाहर निकल आए। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। प्रथम द्दष्टया आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि देवघर एम्स की मुख्य बिल्डिंग के पोर्टिको के बाद वाले भाग में आग लगने की सूचना मिली। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई भी जानमाल की क्षति नहीं हुई। शुरूआती जांच में पाया गया कि आग वेल्डिंग के दौरान वेस्ट मैटेरियल में लगी थी, जिसे पूर्ण रूप से फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया गया।

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने देवघर एम्स में आग लगने की खबर पर संज्ञान लिया है। उन्होंने एम्स डायरेक्टर से फोन पर बात कर हादसे की जानकारी ली। डायरेक्टर ने स्थिति नियंत्रण में बतायी है। मंत्री ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। जिले के देवीपुर स्थित एम्स में उस वक्त अफरातफरी का माहौल बन गया जब अचानक से एम्स के मुख्य भवन के बी ब्लॉक में आग की लपटें और काले धुंए का गुबार निकलने लगा। मौके पर मौजूद लोग -मजदूर आग पर नियंत्रण पाने के लिए अपने-अपने स्तर पर जुट गए, जिससे आग पर काबू पा लिया गया। घटना के बाबत एम्स की ओर से बताया गया है कि बी ब्लॉक के पास नीचे वेल्डिंग का कार्य हो रहा था, जिस वजह से वेल्डिंग से निकली चिंगारी ने पास ही रखे प्लास्टिक में पकड़ लिया और हवा के सम्पर्क में आकर एकाएक जोर पकड़ लिया, जिसे तुरंत काबू पा लिया गया है।



देवघर में एम्स में लगी आग से निकलता धुएं का गुबार ● फोटोन न्यूज

### नरेंद्र मोदी ने रोजगार मेला के 71 हजार युवाओं को सौंपा नियुक्ति पत्र

## देश नई नीति और रणनीति पर खोल रहा युवाओं के लिए नई संभावनाएं और अवसर : प्रधानमंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को रोजगार मेला के अन्तर्गत 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपें। इस अवसर पर देश भर में आयोजन हुए। इन आयोजनों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश नई नीति और रणनीति के साथ चल रहा है, जिसने देश में नई संभावना और अवसरों के द्वार खोल दिए हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने इस वर्ष 10 लाख युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री ने सरकारी नौकरी के लिए चयनित किए गए लोगों को बधाई देते हुए कहा कि पूरी दुनिया वर्तमान में कोविड-19 महामारी के चलते मंदी से जूझ रही है। इन सबके बीच भारत तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है और दुनिया भारत को ब्राइट स्पॉट के रूप में देख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में 2014 के बाद सरकार के द्वारा उठाए गए कदमों से विभिन्न क्षेत्रों में हुए कार्यों और बदलावों से रोजगार और स्वरोजगार के पैदा हुए नए अवसरों की जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने खिलौना, मोबाइल, रक्षा और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में आए बदलाव का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देशवासी इस बात को देख रहे हैं कि कैसे बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश के चलते रेलवे, पोर्ट, एयरपोर्ट जैसे क्षेत्रों में न केवल विकास हो रहा है बल्कि रोजगार के अवसर भी पैदा हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों का जीवन आसान बनाने वाली आयुष्मान भारत, पीएम आवास और मुद्रा लोन जैसी योजनाओं का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि छोटे ऋण देने की व्यवस्था (माइक्रो फाइनेंस) बड़े स्तर पर कैसे कैसे बदलाव ला सकती है, यह बड़े-बड़े अर्थशास्त्रियों और बड़े-बड़े उद्योगपतियों को लोन बांटने वालों को भी नहीं पता था। उनकी सरकार की इस पहल से स्वरोजगार के बहुत नए अवसर पैदा हुए हैं। प्रधानमंत्री ने नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं से सरकारी क्षेत्र की जन हितैषी वाली योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और उसका लाभ पहुंचाने का आह्वान किया।



वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यकम को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ● एजेंसी



### राष्ट्रपति से मिले झारखंड के राज्यपाल

**नई दिल्ली/रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णान ने गुरुवार को देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने राज्य की विभिन्न गतिविधियों से राष्ट्रपति को अवगत कराया।

# प्रधानमंत्री मोदी असम में आज करेंगे कई परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

## पीएम की उपस्थिति में सोरुसजाई स्टेडियम में बिहू नृत्य के विश्व रिकार्ड का दिया जाएगा प्रमाण पत्र

**एजेंसी, गुवाहाटी।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 अप्रैल को अपनी गुवाहाटी यात्रा के दौरान कई ऐतिहासिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से व्यापक तैयारियां की गयी हैं। प्रधानमंत्री के असम दौरे से राज्य एक गौरवशाली ऐतिहासिक अध्याय की शुरूआत करेगा। सोरुसजाई स्टेडियम में आज बिहू नृत्य का विश्व रिकार्ड बनाया गया है, जिसका प्रमाण पत्र शुक्रवार को प्रधानमंत्री की उपस्थिति में दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी अपने असम दौरे के दौरान गुवाहाटी के चांगसारी में 1123 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान (एम्स) राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके साथ ही 1.1 करोड़ आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई कार्डों के वितरण का समारोह पूर्वक शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही नलबाड़ी (615.47 रुपये), नगांव (599.80 रुपये) एवं कोकराझार


सोरुसजाई स्टेडियम में बिहू नृत्य का अद्भुत नजारा। ● द फोटोन न्यूज

(535.87 करोड़ रुपये) में नवनिर्मित तीन मेडिकल कालेज एंड अस्पतालों का उद्घाटन करेंग। आईआईटी गुवाहाटी परिसर में 546 करोड़ रुपये की लागत से बनाने वाले असम एडवांस्ड हेल्थकेयर इनोवेशन इंस्टीट्यूट की आधारशिला प्रधानमंत्री रखेंगे। यह परियोजना असम सरकार एवं आईआईटी गुवाहाटी की संयुक्त पहल है।

ऊपरी असम के नामरूप में 1,603 करोड़ रुपये की लागत से तैयार प्रतिदिन 500 टन मेथनॉल उत्पादन क्षमता वाले प्लांट का शुभारंभ करेंगे। यहां से भूटान, नेपाल और बांग्लादेश को मेथनॉल निर्यात की संभावना जतायी गयी है। वहीं ब्रह्मपुत्र नद पर 3,200 करोड़ रुपये की लागत से चार लेन युक्त बनने वाले 12.21 किमी लंबे पलाशबाड़ी-सुआलकुची सेतु प्रोजेक्ट की आधारशिला रखेंगे। ऊपरी असम के शिवसागर जिला स्थित ऐतिहासिक रंग घर परिसर के सौंदर्यीकरण की 124 करोड़ रुपये लागत वाली परियोजना की आधारशिला रखेंगे। इसी तरह 7,280 करोड़ रुपये की लागत से तैयार पांच परियोजनाओं, जिसमें नव निर्मित डबल रेल लाइन, नई लाइन और इलेक्ट्रिफाइड रेलवे ट्रैक राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

गुवाहाटी के सोरुसजाई स्टेडियम में शुक्रवार को भी बिहू नृत्य कार्यक्रम होगा, जिसमें प्रधानमंत्री हिस्सा लेंगे। इस बीच आज (गुरुवार) सोरुसजाई स्टेडियम में बिहू नृत्य और ढोल वादन का विश्व रिकार्ड बनाया गया है, जिसका प्रमाण-पत्र प्रधानमंत्री की उपस्थिति में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से दिया जाएगा। राज्य सरकार की ओर से प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों के लिए व्यापक तैयारियां की गयी हैं।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज फिर आ रहे बंगाल, बीरभूम में करेंगे जनसभा

## बांग्ला नववर्ष के मौके पर दक्षिणेश्वर मंदिर में करेंगे पूजा-अर्चना

**एजेंसी, कोलकाता।**

पश्चिम बंगाल में आसन्न पंचायत चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक बार फिर बंगाल आ रहे हैं। पार्टी सूत्रों ने गुरुवार को बताया है कि शनिवार को बांग्ला नववर्ष की शुरूआत हो रही है। इससे पहले 14 अप्रैल यानी शुक्रवार को ही अमित शाह पश्चिम बंगाल आ जाएंगे। बीरभूम ज़िले में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद दूसरे दिन यानी बांग्ला नववर्ष पर दक्षिणेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। गृह मंत्री के इस दो दिवसीय दौरे को लेकर बंगाल भाजपा तैयारियां पूरी कर चुकी है। इससाल यह अमित शाह का पहला बंगाल दौरा है। साल की शुरूआत में ही उनके आने की योजना थी लेकिन उसे रद्द करना पड़ा था।


अमित शाह का फाईल फोटो।

भाजपा सूत्रों ने बताया है कि 14 अप्रैल को बीरभूम के सिउड़ी में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां जिले के बाहुबली तृणमूल नेता अणुव्रत मंडल मवेशी तस्करी मामले में गिरफ्तारी के बाद दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। ऐसे में यहां अमित शाह का दौरा और जनसभा बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। उसी दिन रात के समय वह कोलकाता लौट आएंगे। यहां पार्टी की कोर कमेटी के साथ उनकी अहम सांगठनिक बैठक होगी। इसमें पार्टी के सभी जिलों के प्रमुख नेताओं को उपस्थित होने को कहा गया है। इसके बाद 15 अप्रैल को सुबह दक्षिणेश्वर मंदिर पहुंचेंगे जहां पूजा पाठ करेंगे।

2024 के लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में आसन्न पंचायत चुनाव में अमित शाह का दौरा बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ऐसे समय में जब राज्य में हाल ही में रामनवमी की शोभायात्राओं पर हमले के बाद सांप्रदायिक दंगे हुए हैं और केंद्र सरकार ने इस संबंध में राज्य सरकार से रिपोर्ट तलब की थी। ऐसे में वह क्या कुछ कहते हैं इस पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

## कॉलेज प्रतिनिधिमंडल ने विधायक एवं जिप अध्यक्ष से की मुलाकात

# महाविद्यालय के विकास में हर संभव सहयोग किया जाएगा: सुनीता चौधरी

**संवाददाता, रजरप्पा।**

चितरपुर स्नातक महाविद्यालय प्रतिनिधिमंडल द्वारा गुरुवार को रजरप्पा आवासीय कॉलोनी स्थित आवास पहुंचकर स्थानीय विधायक सुनीता चौधरी एवं जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी से एक औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान प्राचार्य द्वारा चितरपुर महाविद्यालय के शैक्षणिक स्थिति के बारे में रामगढ़ विधायक एवं जिप अध्यक्ष को बताया गया तथा छात्र-छात्राओं की पठन-पाठन हो रही परेशानियों के बारे में कई समस्याएं रखी एवं विकास के लिए एक मांग पत्र सौंपा गया।

इसके पूर्व रामगढ़ विधायक एवं जिला परिषद अध्यक्ष को प्रतिनिधि द्वारा बुके देकर मांग पत्र सौंपा गया। इस मौके पर विधायक ने आश्वासन दिया कि सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाका में शिक्षा का अलख जगाना बहुत बड़ा


सुनीता चौधरी को बुके देकर स्वागत करते महाविद्यालय के सदस्य। ● द फोटोन न्यूज

पुण्य और नेक कार्य है. क्षेत्र के छात्र छात्राओं के लिए बेहतर पढ़ाई का विकल्प है और कॉलेज की समस्या से मुझे अवगत कराया गया है जिसे छात्रों के हित के लिए जो सुविधा होगा उसका हर संभव कॉलेज के विकास में सहयोग किया जाएगा।

मौके पर प्रो. निरंजन महतो, प्रो. रेवालाल पटेल, प्रो. निखत परवीन, कार्यालय सहायक रवि कुमार, सोनू कुमार, राजेश तिवारी के अलावे समाजसेवी रजनी देवी, मायल पंचायत के पूर्व मुखिया टुशील देवी आदि कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

विधायक मद से रेलवे ओवरब्रिज चितरपुर से लेकर कॉलेज के मुख्य द्वार तक पीसीसी पथ का निर्माण, कॉलेज परिसर में बेहतर पेयजल मुहैया कराने हेतु एक डीप बोरिंग का निर्माण, कॉलेज में छात्र-छात्राओं के हित को देखते हुए साइकिल व मोटर साइकिल शेड़ का निर्माण तथा 15 केवीए महाविद्यालय के लिए नए जनरेटर की मांग आदि पत्र सौंपा गया।

## राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द किए जाने के विरोध में कांग्रेस का सत्याग्रह जारी

# कांग्रेस का सत्याग्रह गोडसे विचारधारा वालों के खिलाफ : अविनाश पाण्डेय

**संवाददाता, गिरिड़ीह।**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द किए जाने के विरोध में कांग्रेस देशभर में भाजपा सरकार के खिलाफ हमलावर है। इसी क्रम में गुरुवार को भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय में जिला सम्मेलन आयोजित किया गया।

मिशन 2024 के मद्देनजर झारखंड में प्रदेश आलाकमान के आह्वान पर कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी प्रकरण को लेकर प्रखंड स्तर तक चरणवध आंदोलन कर लोगो को महंगायी ,बेरोजगारी ,एंव सरकारी जांच एजेंसियो के दूरपयोग


अविनाश पाण्डेय का फाईल फोटो।

समेत अन्य मुद्दों को लेकर जागरूक कर रहे है। वही मिशन 2024 को ध्यान में रखकर सतारूढ़ जेएमएम सरकार में शामिल कांग्रेस अपने विखरे जनाधार को एकत्र करने में जूटी है

इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने राहुल गांधी प्रकरण को लेकर मोदी सरकार पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द की गई है, उसके विरोध में देशभर के युवा उद्वेलित हैं। कांग्रेस का सत्याग्रह आंदोलन गोडसे विचारधारा वालों के खिलाफ है । उन्होंने कहा कि पिछले आठ सालों में देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है, जिसके फलस्वरूप ही देशवासी कमरतोड़ महंगाई झेलने को विवश है। आमजन का घरेलू बजट अंसतुलित हो गया है।

इससे पहले झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस वक्त देश संकट के दौर से गुजर रहा है । महंगाई चरम पर है, बेरोजगारों के हाथों में काम नही है। आएदिन केन्द्र की भाजपा सरकार के कारनामों से बाबा साहब अंबेडकर का संविधान खतरे में है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए मजहब के नाम पर लोगों को आपस में लड़वा रही है। भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए नफरत की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में देश की जनता भाजपा को बेनकाव कर सत्ता से हटाने का काम करेगी।

# हजारीबाग के पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे ने ली जिला बार एसोसिएशन की सदस्यता


जिला बार एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण करते यदुनाथ पांडे। ● द फोटोन न्यूज

**संवाददाता, रामगढ़।**

हजारीबाग के पूर्व सांसद और भाजपा के कद्दावर नेता यदुनाथ पांडे ने गुरुवार को रामगढ़ जिला बार एसोसिएशन की सदस्यता ली है। इस दौरान यदुनाथ पांडेय ने कहा कि उनकी इच्छा काफी लंबे समय से अधिवक्ता के रूप में अपनी भूमिका निभाने की थी।

इसी वजह से उन्होंने एलएलबी की पढ़ाई भी की थी। वर्ष 1980 में ही उन्हें एलएलबी की डिग्री मिल गई थी। एक प्रोफेसर के पद पर रहते हुए वकालत करना उनके लिए संभव नहीं था। वर्ष 2020 में सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने एक बार फिर वकीलों के परिवार में शामिल होने का फैसला लिया। दिसंबर 2022 में स्टेट बार काउंसिल में उनकी सदस्यता हो चुकी थी। हजारीबाग संसदीय क्षेत्र उनका गृह क्षेत्र है। इस वजह से उन्होंने रामगढ़ में भी जिला बार एसोसिएशन की सदस्यता ली है।

निकट भविष्य में हजारीबाग जिला बार एसोसिएशन के भी सदस्य के रूप में वे शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि उनकी मंशा वकील के परिवार में रहने की है। पार्टी के कार्यकताओं और लोगों के लिए वे पुराने यदुनाथ ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिला बार एसोसिएशन में वे सबसे जूनियर के तौर पर ही मिलेंगे। क्योंकि जितने भी अधिवक्ता रामगढ़ में अभी वर्तमान समय में है वह सभी उनसे कार्यक्षेत्र में सीनियर ही हैं।

## आजसू ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर निकाला न्याय मार्च, उपायुक्त को सौंपा सात सूत्री मांग पत्र

# नीति विहीन सरकार को 2024 में उखाड़ फेंकेगी आजसू: रोशनलाल चौधरी

**संवाददाता, हजारीबाग।**

आल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू) की जिला समिति ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ गुरुवार को न्याय मार्च निकालकर उपायुक्त नैंसी सहाय को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा है।

उपायुक्त को दिए गए मांग पत्र में झारखंड में स्थानीय नीति और नियोजन नीति लागू करने, जातीय जनगणना कराने, आबादी के अनुसार पिछड़ों को आरक्षण देने, खनिज संपदाओं की लूट पर रोक लगाने सहित कई मांगे शामिल हैं। न्याय मार्च का नेतृत्व जिलाध्यक्ष विकास राणा ने किया तथा संचालन जिला प्रधान सचिव कपिलदेव महतो ने किया। न्याय मार्च में



न्याय मार्च में शामिल आजसू कार्यकर्ता। ● द फोटोन न्यूज

आजसू पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो शामिल थे।

इस मौके पर रोशनलाल चौधरी ने कहा कि हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेंगे। झारखंड में खनिज संपदाओं की लूट मची हुई है। बालू के अभाव में विकास के कार्य ठप हो गए हैं। आज तक झारखंड में विस्थापन नीति नहीं बन सकी है। नीति विहीन हेमंत सरकार को 2024 में उखाड़ फेंकने का काम आजसू पार्टी करेगी। विशिष्ट अतिथि मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने कहा कि झारखंड में 1932 के आधार पर स्थानीय नीति और नियोजन बनाने का वादा करके यूपीए सरकार मुकर गई है। राज्य की जनता से झूठ बोलकर गुमराह कर रही सरकार को अब सबक सिखाने का काम किया जाना चाहिए।

जिलाध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि झारखंड में जातीय जनगणना हो और आबादी के आधार पर पिछड़ी जाति को आरक्षण मिलनी चाहिए। जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी होनी चाहिए। झारखंड में स्थानीय नीति और नियोजन नीति नहीं बनने से आज युवा वर्ग बेरोजगार दर दर की ठोकर खाने को मजबूर हैं। युवाओं को नौकरी में जाने की उम्र सीमा समाप्त हो रही है। सरकार युवाओं को बेरोजगार बनाकर मानसिक शोषण करने का काम कर रही है। मौके पर बरही विधानसभा प्रभारी राजसिंह चौहान, केन्द्रीय सचिव परमेश्वर महतो, केन्द्रीय सदस्य आनंद सिंह, केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा, महिला मोर्चा की केन्द्रीय सचिव संगीता बारला, केन्द्रीय सदस्य लालचन्द महतो, केन्द्रीय सदस्य पंकज साहा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ब्रीफ न्यूज

### राहुल गांधी को सच बोलने की सजा मिली: सुबोधकांत



प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते सुबोधकांत सहाय। ● द फोटोन न्यूज

**रांची :** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि राहुल गांधी को सच बोलने और अडाणी के साथ प्रधानमंत्री के रिश्ते को सार्वजनिक करने की सजा मिली है। महात्मा गांधी ने भी अंग्रेजों के खिलाफ सत्याग्रह आंदोलन किया था। आज केंद्र सरकार की मार पराकाष्ठा पर है। आज संसद में भी बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा है। पहली बार ऐसा देखने को मिला, जब सत्ता पक्ष ने लोकसभा और राज्यसभा को नहीं चलने दिया। पूर्व मंत्री सहाय गुरुवार को प्रदेश कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस राज्य में 12 हजार उद्योग बंद हो चुके हैं। स्पेशल इकनॉमिक जोन की मांग हम कर रहे थे, लेकिन एयरपोर्ट और कोयला खदान तक एक ही व्यक्ति को दिया गया। इन्हीं मुद्दों को लेकर जय भारत सत्याग्रह चलाया जा रहा है। इस सत्याग्रह का समापन 16 अप्रैल को पुराना विधानसभा मैदान, धुर्वा में होगा। समापन समारोह में 18 प्रखंड के लोग कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि कांग्रेस सड़क से सदन तक केंद्र सरकार की नीति के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है। झारखंड प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष लगातार 13 दिन तक जय भारत सत्याग्रह के कार्यक्रम से जुड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि संविधान के साथ केंद्र सरकार खिलवाड़ कर रही है।

### धनबाद : झामुमो ने सांसद निशिकांत का पुतला फूंका


सांसद निशिकांत का पुतला दहन करते झामुमो के कार्यकर्ता। ● द फोटोन न्यूज

**धनबाद :** गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के मुख्यमंत्री को सपरिवार जेल में डलवाने वाले बयान पर नाराज झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने कड़ी आलोचना की है। जेएमएम के कार्यकताओं ने धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर सांसद निशिकांत दुबे का पुतला दहन किया। इस मौके पर जेएमएम के जिला उपाध्यक्ष मन्नू आलम ने कहा कि सांसद निशिकांत दुबे ने भाजपा की एक बैठक में कहा था कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सपरिवार जेल में डलवा देंगे। झारखंड में समय से पहले चुनाव करवा देंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने मोदी के बारे में बोला तो उन पर कोर्ट में मामला दर्ज करवा उनकी सदस्यता रद्द करवा दी, लेकिन निशिकांत ने पूरे सोरेन परिवार को जेल भेजने की बात कही है। इसे झारखंड के लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। सांसद ने झारखंड के मूलवासियों को गाली देने का काम किया है। इसके लिए जेएमएम सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन करेगी। गुरुवार को जेएमएम के कार्यकताओं ने विरोध जताते हुए नगर के रणधीर वर्मा चौक पर सांसद निशिकांत दुबे का पुतला दहन किया। इस दौरान धनबाद जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक


बैठक में उपस्थित कांग्रेसी। ● द फोटोन न्यूज

**भुरकुंडा (रामगढ़) :** पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक गुरूवार को पतरातू पंचायत भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल व संचालन प्रखंड प्रवक्ता कृष्णा सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से 15 अप्रैल को रामगढ़ जिला में पार्टी द्वारा लोकतंत्र को बचाने हेतू कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित देशव्यापी जय भारत सत्याग्रह रैली व आमसभा कार्यक्रम में पतरातू प्रखंड के सभी पंचायतों से भारी से भारी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम की सफलता को ले तैयारियों पर चर्चा की गई। कहा गया कि भाजपा सरकार द्वारा जिस तरह से पिछले दिनो स्वतंत्र एजेंसियों को प्रभावित कर अलोकतांत्रिक निर्णय लेते हुए कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करवाई गई है। और जिस तरीके से ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग पूरे देश में विपक्षी पार्टियों के नेताओं के साथ बदले की भावना से की जा रही है इससे लोकतंत्र आज पुनः खतरे में है। देश तानाशाह के हाथों में कठपुतली मात्र बनकर रह गई है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी पूरे देश में जय भारत सत्याग्रह आंदोलन का आयोजन कर रही है। जिसमें 15 अप्रैल को रामगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रभारी अविनाश, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व विधायक ममता देवी, रामगढ़ प्रत्याशी बजरंग महतो सहित कांग्रेस पार्टी से झारखंड के तमाम मंत्रीगण, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक और प्रदेश के वरिष्ठ नेता शामिल रहेंगे। मौके पर अमित साव, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, राजेश बेदिया, शिबु महतो, सुनील महतो, कमलेश राम, मुखिया तिलेश्वर साव, मुखिया जगदीश कुमार, मो. नईम अंसारी, मो. खलील, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, जसवंत कुमार, अशोक प्रसाद, राजू प्रसाद, प्रदीप कुमार, सुशील टोप्पो आदि मौजूद थें।

### उद्धव ठाकरे के लिए फिर से सीएम बनना असंभव : देवेंद्र फडणवीस

**मुंबई :** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को कहा कि उद्धव ठाकरे का दोबारा मुख्यमंत्री बनना असंभव है। एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने रहेंगे और अगला विधानसभा चुनाव उनके ही नेतृत्व में होगा। उन्होंने कहा कि अन्य दलों के बहुत से विधायक उनके संपर्क में है, जिन्हें चुनाव से पहले पार्टी में शामिल किया जाएगा। देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र के सत्ता संघर्ष पर अभी सुप्रीम कोर्ट में फैसला होना बाकी है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट में जिस तरीके से सुनवाई हुई है, उससे लोगों की राय बनना स्वाभाविक है। एक वकील होने के नाते मेरा यह आकलन है कि सुप्रीम कोर्ट उद्धव ठाकरे को फिर से सीएम पद पर नहीं बिठाएगा। इसका कारण उद्धव ठाकरे ने बहुमत साबित करने से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। फडणवीस ने यह भी कहा कि सत्ता संघर्ष के बारे में सुप्रीम कोर्ट का फैसला निष्पक्ष ही आएगा। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आज भी हमारी पार्टी कई विधानसभा क्षेत्रों तक नहीं पहुंच सकी है। हमारा प्रयास है कि हम सूबे के हर विधानसभा क्षेत्र तक पहुंचे। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य का पांच साल मुख्यमंत्री रहने और अब उपमुख्यमंत्री के रूप में काम करने कई दलों के विधायक उनके संपर्क में हैं।

ब्रीफ न्यूज

### रांची को मिलेगा दो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी का मौका

**रांची :** राजधानी रांची को दो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी का मौका मिलेगा। इसमें एक एथलेटिक्स का और दूसरा हॉकी का होगा। रांची में अंतरराष्ट्रीय स्तर के इंफ्रास्ट्रक्चर को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय फेडरेशन की ओर से इसकी मेजबानी करने का मौका दिया जा रहा है। अक्टूबर या नवंबर में ये दोनों आयोजन रांची में होंगे। इसमें साउथ एशियन एथलेटिक्स (सैफ) चैंपियनशिप और हॉकी का इंटरनेशनल इवेंट का आयोजन शामिल है। सैफ एथलेटिक्स के आयोजन की तैयारी खेल निदेशालय की ओर से की जा रही है। इस संबंध में खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा ने बताया कि विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन पहली बार रांची में होगा। इसमें सात देशों के चार सौ से भी अधिक अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रांची आयेंगे। मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

### झारखंड पुलिस के चार आईपीएस की होगी ट्रेनिंग

**रांची :** झारखंड पुलिस के चार आईपीएस की एमसीटीपी ट्रेनिंग होगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसे लेकर राज्य सरकार को पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया है कि 26 जून से सात जुलाई तक मध्य कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमसीटीपी) के लिए केंद्र सरकार की ओर से निर्धारित 24 से 26 वर्ष की सेवा करने वाले आईपीएस अधिकारियों के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल पुलिस अकादमी में 15वां चरण-भी एमसीटीपी कार्यक्रम निर्धारित है। झारखंड कैडर के चार आईपीएस ट्रेनिंग में जायेंगे, जिनमें 1995 बैच के आईपीएस संजय ए लाठकर, 1997 बैच के आईपीएस आशीष बत्रा और टी कांदासामी और 1998 बैच की आईपीएस प्रिया दुबे शामिल हैं।

### महिला की गोली मारकर हुई थी हत्या, शूटरों को पकड़ने में पुलिस सुस्त

**रांची :** बरियातू इलाके में स्थित महिला दुलारी देवी की पिछले वर्ष 27 मार्च में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस को शुटरों का नाम भी मिल गया था। लेकिन पुलिस पिछले एक वर्ष से सुस्त है। शुटरों को पकड़ना तो दूर पुलिस उनतक पहुंच भी नहीं पाई। पुलिस की जांच में इस बात का खुलासा हुआ था कि महिला की हत्या के पीछे जमीन से संबंधित मामला था। महिला के नाम पर कई जगहों पर जमीन है। जमीन कारोबारी उसके जमीन को कब्जा करना चाहते हैं। लेकिन बरियातू पुलिस इस कांड का खुलासा करने की जगह सुस्त पड़ी हुई है। सदर डीएसपी का कहना है कि इस कांड का खुलासा करने के लिए अनुसंधानकर्ता को आदेश दिया जाएगा। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच करेगी कि दुलारी देवी का घर के लोगों के साथ विवाद था या नहीं था। पुलिस को सूचना मिली कि घर के लोग भी उसकी जमीन हड़पना चाहते थे।

### डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के ग्रामीण विकास पाठ्यक्रम में गुरुवार को संविधान निमार्ता बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24, Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# नक्सलियों के बाद अब राज्य में आपराधिक गिरोह पुलिस रडार पर

## अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए बनी स्पेशल टीम, एटीएस कर रही है लीड

**क्राइम रिपोर्टर, रांची।**


फाइल फोटो

झारखंड पुलिस नक्सलियों के तीन कोर एरिया ध्वस्त करने के बाद अब राज्य में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोह को खत्म करने में जुट गयी है। राज्य में नक्सल के चार कोर एरिया हुआ करते थे। इनमें बुढ़ा पहाड़, पारसनाथ और ट्राई जंक्शन (खूंटी,सरायकेला और चाईबासा) और कोल्हान शामिल है। इनमें तीन को नक्सलियों से मुक्त करा लिया गया है। सिर्फ कोल्हान में नक्सलियों की मौजूदगी है। वहां भी लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड में सक्रिय बड़े आपराधिक गिरोहों पर लगाम लगाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से पुलिस काम कर रही है। इस कड़ी में जो कुख्यात झारखंड के बाहर भी पनाह लिए हुए है उनके गिरफ्तारी के लिए भी स्पेशल टीम बना दी गयी है। स्पेशल टीम को आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) लीड कर रही है। एटीएस की टीम कई राज्यों में पैनी नजर रख रही है। आईपीएस रैंक के अधिकारी स्पेशल टीम को लीड कर रहे हैं, जबकि पुलिस मुख्यालय से आईजी रैंक के अधिकारी स्पेशल टीम की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

**राज्य में 8-10 संगठित आपराधिक गिरोह हैं सक्रिय**

पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड में फिलहाल आठ से दस संगठित आपराधिक गिरोह सक्रिय हैं। इनमें से अधिक्तर गिरोह के प्रमुख जेल में बंद हैं। कुछ फरार हैं जबकि कुछ के गैंगवार में मारे जाने के बाद भी उनके गिरोह को उनके परिवार के सदस्य या फिर उनके बेहद करीबी रहे गिरोह का संचालन कर रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से डॉन अखिलेश सिंह, सुजीत सिन्हा, अमन साव, अमन सिंह और अनिल शर्मा शामिल हैं। ये सभी राज्य के अलग अलग जेलों में बंद हैं। जबकि कुख्यात अपराधी भोला पांडेय और सुशील श्रीवास्तव दोनो ही गैंगवार में मारे गए हैं, लेकिन दोनों का गिरोह राज्य में बेहद सक्रिय हैं। इस समय भोला पांडेय गिरोह का विकास पांडेय संभाल रहा है। वहीं सुशील श्रीवास्तव गैंग को उसका बेटा अमन श्रीवास्तव संभाल रहा है। वहीं दूसरी ओर डब्लू सिंह को पलामू के आतंक के रूप में जाना जाता है। ये सभी गिरोह झारखंड पुलिस के स्पेशल टीम के रडार पर हैं। दूसरा प्रमुख नाम गैंग्स ऑफ वासेपुर के प्रिंस खान है, प्रिंस खान फिलहाल दुबई में है और वहीं से अपने गिरोह को संचालित कर रहा है।

झारखंड पुलिस के आईजी अभियान सह प्रवक्ता एवी होमकर ने बताया कि संगठित आपराधिक गिरोहों पर लगाम लगाने के लिए स्पेशल टीम का गठन किया गया है। स्पेशल सेल राज्य के बाहर छिपे कुख्यात अपराधियों पर भी करवाई कर रहा है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एटीएस की सहयोग लिया जा रहा है। साथ ही सीआईडी भी इसपर काम कर रही है। स्पेशल टीम के इनपुट पर कई अपराधियों को पकड़ा गया है।

## पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन, कल तक चलेगा


पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में दौड़ते पुलिसकर्मी ● फोटोन न्यूज

**वरीय संवाददाता, रांची।**

कांके रोड स्थित नवीन पुलिस लाइन में गुरूवार को तीन दिवसीय दक्षिणी छोटानागपुर पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन हुआ। शनिवार को प्रतियोगित का समापन्न होगा। इस प्रतियोगिता में रांची, गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा और खूंटी जिला की टीम भाग ले रही है। उद्घाटन समारोह के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे मौजूद थे। इसके अलावा वरीय पुलिस अधीक्षक, किशोर कौशल पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नौशाद आलम, पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सौरभ, पुलिस अधीक्षक सिटी शुभांशु जैन, प्रशिक्षु पुलिस अधीक्षक ऋतिक श्रीवास्तव समेत कई समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता शुरू होने से पहले मार्च पास्ट का आयोजन किया गया प्रतियोगिता का प्रारंभ पुलिस उपअधीक्षक और सार्जेंट मेजर के सौ मीटर दौड़ से हुआ। इसमें कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, प्रथम,ट्रैफिक डीएसपी जीतवाहन उरांव द्वितीय और डीएसपी बेड़ो रजत मणिक बाखला तृतीय स्थान पर रहे। सार्जेंट मेजर के दौड़ में प्रथम स्थान सार्जेंट अंगद कुमार रवि, द्वितीय स्थान सार्जेंट मेजर अभिनव पाठक, तृतीय स्थान सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार (गुमला) रहे। इस मौके पर पुलिस उपमहानिरीक्षक बिरथरे ने खेलकूद प्रतियोगिता की परम्परा और महत्व की आवश्यकता को बताया। एसएसपी ने खेलकूद प्रतियोगिता के लिए सभी प्रतिभागियों को शुभकमाना दी।

# सावधान! फिर तेजी से पांव पसार रहा कोरोना, राज्य में 24 नए मरीज मिले

## रांची में संक्रमितों की संख्या पहुंची 48

**वरीय संवाददाता, रांची।**

झारखंड में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 24 नए मरीज सामने आए हैं। इसके साथ ही संक्रमितों की संख्या बढ़कर 124 हो गई है। दो मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। आंकड़ों में मरीजों के ठीक होने की तुलना में संक्रमितों की तुलना हर रोज बढ़ रही है। राज्य में 197 दिनों बाद ऐसा हुआ है, जब एक्टिव मरीजों की संख्या सौ के आंकड़े को पार कर रही है। 27 सितंबर को राज्य में सौ से अधिक कोरोना संक्रमित मरीज थे। फिलहाल, रांची समेत राज्य के 14 जिले कोरोना की चपेट में हैं। रांची में पॉजीटिविटी दर 0.08 फीसदी है। रांची में 10 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं। इन 10 के साथ सिर्फ रांची में कोरोना संक्रमितों की संख्या अब 48 पहुंच गयी है। झारखंड में संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ रही है। विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि 27 मार्च को विभिन्न जगहों से एकत्रित 12 सैंपल टेस्ट के लिए भेजे गए हैं। रिम्स में 43 और सैंपल जमा हैं, जैसे ही और सैंपल पहुंचेंगे, इनका जीनोम सीक्वेंसिंग कराया जाएगा।

**स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर**

राज्य में बढ़ते संक्रमण ने स्वास्थ्य विभाग को एक बार फिर अलर्ट मोड पर ला दिया है। राज्य में आपात स्थिति से निपटने के लिए क्या व्यवस्था है, इसे लेकर विभाग अलर्ट है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में हुई गत दिनों राज्य के सभी सीएस और डीसी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हुई थी। इस दौरान एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर कोविड टेस्ट करने का निर्देश दिया गया था। ऐसे आठ राज्यों का चयन किया गया है, जहां से आने वाले मरीजों के लिए टेस्ट अनिवार्य होगा।

**किन जिलों में कितने मरीज**

चतरा- 01, देवघर-13, दुमका-02, पूर्वी सिंहभूम-15, गढ़वा-01, गुमला - 01, हजारीबाग-03, खूंटी- 01, कोडरमा-05, लातेहार -03, लोहरदगा-12, रामगढ़- 02, रांची-48, प. सिंहभूम- 02 मरीज हैं।

# नक्सलियों के 14-15 को दक्षिणी बिहार व पश्चिमी झारखंड बंद की घोषणा से प्रशासन अलर्ट मोड पर

**क्राइम रिपोर्टर, रांची।**


सांकेतिक तस्वीर

प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के 14 और 15 अप्रैल को दक्षिणी बिहार और पश्चिमी झारखंड बंद का ऐलान को लेकर खुफिया विभाग ने अलर्ट जारी किया है। नक्सलियों ने चेतावनी भी दी गई है कि बंद न रखने वाले को जन अदालत लगाकर सजा दी जाएगी। हालांकि नक्सलियों ने बंद के दौरान आवश्यक चीजें प्रेस, दूध और एंबुलेंस को मुक्त रखा है। दरअसल, बीते दिनों झारखंड के चतरा जिले के लावालौंग थाना स्थित ग्रहे जंगल में हुई एक मुठभेड़ में पांच नक्सलियों के मारे जाने के विरोध में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन ने दो दिन का बंद का आह्वान किया है। इस बंद को देखते हुए खुफिया विभाग ने अलर्ट जारी किया है। इस संबंध में झारखंड और बिहार पुलिस के अधिकारियों को पत्र भेजा गया है। पत्र में बताया गया है कि झारखंड राज्य के सीमावर्ती जिले विशेषकर गया, औरंगाबाद, नवादा, जमुई, बांका मुख्य रूप से भाकपा माओवादी संगठन की गतिविधियों से प्रभावित है। इसके अलावा लखीसराय और मुंगेर में माओवादी कि सक्रियता है। उग्रवादियों के गतिविधियों के कारण क्यूल-जमालपुर, क्यूल-जसीडीह, गैंड कोर्ड लाइन तथा जीटी रोड का क्षेत्र संवेदनशील बना हुआ है। उग्रवादियों द्वारा प्रतिशोध स्वरुप अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में पुलिस, अर्धसैनिक बलों, थाना, ओपी, पिकेट, बैस कैम्प, चौकीदार, पुलिस मुखबिर, मोबाइल टावर, रेलवे ट्रैक, रेलवे स्टेशन, सरकारी कार्यालय, विकास कार्य से जुड़े ठेकेदार सहित उनके कार्यस्थल, उनके उपकरण, वाहन, मुंशी, मजदूर आदि पर हमला कर हिंसक घटना कारित करने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। खुफिया विभाग ने कहा है कि उग्रवाद प्रभावित जिलों में सिक्युरिटी ऑडिट कराते हुए विशेष सतर्कता और आवश्यक सुरक्षात्मक कार्रवाई करें। नक्सवली संगठन ने बीते बुधवार को बिहार के गया जिले के रौशनगंज थाना क्षेत्र बालसोत गांव स्थित बिजली के ट्रांसफर्मर पर बिहार-झारखंड रिजनल कमेटी (माओवादी) की ओर जारी किया गया।

# जेबीवीएनएल के बिजली टैरिफ पर छठी जनसुनवाई पूरी, अब होगा अंतिम फैसला

**वरीय संवाददाता, रांची।**



आइएमए भवन में जनसुनवाई कार्यक्रम में शामिल अधिकारी ● फोटोन न्यूज

जेबीवीएनएल के वित्तीय वर्ष 2021-22 के बिजली टैरिफ पर गुरुवार को झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने आइएमए भवन में जनसुनवाई की। यह अंतिम सुनवाई थी। इसके बाद आयोग बिजली टैरिफ पर अंतिम फैसला लेगा। आयोग की यह छठी जनसुनवाई थी। इसके पहले डालटनगंज, चाईबासा, दुमका, देवघर, धनबाद में जनसुनवाई पूरी हो चुकी है। रांची में हुई जनसुनवाई में बिजली उपभोक्ताओं ने टैरिफ बढ़ाने का पुरजोर विरोध किया। कहा कि अव्यवस्थाओं के लिए जेबीवीएनएल कुख्यात है। इसे टैरिफ बढ़ाने की छूट नहीं मिलनी चाहिए। आदेशों का अनुपालन नहीं करने के कारण अधिकारियों को दंडित किया जाना चाहिए। जनसुनवाई में आयोग के अध्यक्ष जस्टिस अमिताभ कुमार गुप्ता, सदस्य अतुल कुमार व महेंद्र प्रसाद शामिल थे। वहीं जेबीवीएनएल की ओर से जीएम राजस्व ऋषि नंदन समेत कई पदाधिकारी शामिल हुए। आयोग के चेयरमैन जस्टिस अमिताभ कुमार ने कंज्यूमरों को कहा कि रांची एरिया बोर्ड के द्वारा विभिन्न तरह के व्हाट्सएप ग्रुप बनाए हैं। जिसका फायदा कंज्यूमर उठा सकते हैं। ग्रामीण से लेकर शहरी, इंडस्ट्रीज एवं जनप्रतिनिधियों के लिए अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाए हैं। जिस पर शिकायतें दर्ज की जा सकती हैं। इसका फायदा कंज्यूमरों को उठाना चाहिए। जेबीवीएनएल ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में वर्तमान बिजली दर से 25 पैसा प्रति यूनिट बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था। मगर आयोग के निष्क्रिय होने के कारण बढ़ोतरी प्रस्ताव पर कोई निर्णय नहीं हो सका। आयोग के पास वित्तीय वर्ष 2021-22, 22-23 और 2023-24 का बिजली टैरिफ का पिटीशन दिया जा चुका है। लेकिन आयोग ने अभी वित्तीय वर्ष 2021-22 के बिजली टैरिफ पर कार्यवाही शुरू की है। आयोग ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि वह तीनों वर्ष का एक साथ टैरिफ पर निर्णय लेगा या फिर एक-एक कर। यह पूरी तरह से आयोग पर निर्भर करेगा। हालांकि उपभोक्ताओं ने पूर्व के वर्षों को छोड़ कर वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए टैरिफ निर्धारित करने का अनुरोध किया था।

# शहर के चौक-चौराहे में बना पुलिस सहायता केंद्र जनता के लिए दिखावा

**वरीय संवाददाता, रांची।**

रांची पुलिस राजधानी में आम जनता को सुविधा एवं सहायता के लिए शहर के व्यस्त चौक एवं चौराहे में पुलिस सहायता केंद्र बनाया था। जो आम जनता के लिए सिर्फ दिखावा साबित हुआ, और पुलिस सहायता केंद्र टेंपो स्टैंड एवं पोस्टर बैनर लगाने की जगह बन गई। राजधानी रांची में तत्कालीन एसएसपी सुरेंद्र झा एवं सिटी एसपी सौरभ ने डिबडीह पुल, जगरनाथपुर चौक, तुपुदाना चौक सहित अन्य जगहों पर आम जनता की सहायता के लिए एवं तत्काल सुरक्षा के लिए पुलिस सहायता केंद्र बनवाए थे। उसमें पुलिसकर्मियों की ड्यूटी 24 घंटे लगाई जाने की बात कही गई थी। साथ ही जरूरतमंद को तत्काल पुलिस सहायता एवं अन्य सहायता मुहैया कराने की भी बात कही गई थी। बहुत ही तामझाम से चौक चौराहों में पुलिस सहायता केंद्र का निर्माण किया गया था एवं उद्घाटन किया गया था। लेकिन उद्घाटन के समय में पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई गई थी, जो कुछ दिन रही उसके बाद सभी पुलिस सहायता केंद्र में ताला लग गया। अब पुलिस सहायता केंद्र या तो पोस्टर बैनर लगाने की जगह या ऑटो स्टैंड बन गए हैं।

# विधवा से मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**काइम रिपोर्टर, रांची।**

सदर थाना क्षेत्र स्थित खोरहा टोली में रहने वाली विधवा महिला ललीता तिग्गा ने सुशांत तिग्गा और नवीन तिग्गा पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। ललीता ने पुलिस को बताया कि वह घर में मौजूद थी तभी दोनों आरोपी पहुंचे और बिना कोई बातचीत किए हुए मारपीट करने लगे। दोनों आरोपियों ने इससे पहले भी मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। महिला ने पुलिस से शिकायत की थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं किया। महिला का कहना है कि वह वृद्ध है इसके बाद भी आरोपित उसके साथ लगातार मारपीट की घटना को अंजाम देते हैं और धमकी देते हैं कि पुलिस कुछ नहीं कर सकती है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच चल रही है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## देवघर कोषागार अवैध निकासी मामलाः लालू प्रसाद की सजा बढ़ाने को लेकर हुई सुनवाई

# सीबीआई ने हाईकोर्ट से सजा बढ़ाने का किया अनुरोध कोर्ट ने सक्षम बेंच में केस भेजने का दिया निर्देश

**विशेष संवाददाता, रांची।**




देवघर कोषागार में हुई अवैध निकासी से संबंधित दायर याचिका पर गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। यह याचिका सीबीआई की ओर से दायर की गयी थी। दायर याचिका में सीबीआई ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद सहित अन्य सजायाफ्ताओं की सजा बढ़ाने का अनुरोध किया था। इसी मामले को लेकर सीबीआई की ओर से दायर याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस सुभाष चंद की खंडपीठ में हुई।

**केस ट्रांसफर का दिया निर्देश**

गुरुवार को हुइ सुनवाई में जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस सुभाष चंद की खंडपीठ ने इस मामले को सक्षम बेंच में ट्रांसफर करने का निर्देश दिया। लालू प्रसाद व सुबीर भट्टाचार्य की ओर से अधिवक्ता देवरषी मंडल ने पैरवी की। जबकि सीबीआई की ओर से अधिवक्ता पीएएस पति उपस्थित थे। देवघर कोषागार मामले में सजाफ्ताओं को कम सजा हुई थी।

**लालू को हुई थी साढ़े तीन साल की सजा**

देवघर कोषागार से अवैध निकासी मामले में साल 2018 को लालू प्रसाद को साढ़े तीन साल की सजा और पांच लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है, जबकि इसी मामले में पूर्व सांसद जगदीश शर्मा को सात साल कारावास के साथ 20 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। इस मामले की छह फरवरी को हुई थी। देवघर कोषागार मामले में सजायाफ्ता आरके राणा और फूलचंद का निधन हो चुका है।

**क्या है देवघर कोषागार का मामला**

पशुओं के लिए दवा और अस्पताल के लिए उपकरण खरीदने के लिए 4.7 लाख रुपये देवघर जिला पशुपालन विभाग को आवंटित हुआ था। लेकिन घोटालेबाजों ने जाली कागजातों के सहारे 89 लाख रुपये से अधिक की सरकारी राशि की निकासी कर ली थी। सीबीआई की जांच में इस बात का खुलासा हुआ था।

# दाहू यादव की याचिका पर हुई सुनवाई, आदेश सुरक्षित

**विशेष संवाददाता, रांची।**

झारखंड में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले से जुड़े पंकज मिश्रा के सहयोगी राजेश यादव उर्फ दाहु यादव की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई। अब मामले में कोर्ट अपना आदेश सुनाएगी। दाहू यादव एवं अन्य के खिलाफ ईडी ने ईसीआईआर 4/2022 दर्ज किया है। दरअसल, दाहू यादव ने ईडी कोर्ट द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट एवं कुर्की करने के लिए जारी वारंट को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। ईडी कोर्ट ने 30 अप्रैल को दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव की संपत्ति कुर्क करने के लिए वारंट जारी किया है। कई बार समन के बाद भी दोनों ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे, जिसके बाद सबसे पहले उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया, फिर इश्तेहार की कार्रवाई हुई और बाद में उनकी संपत्ति कुर्क करने के लिए वारंट जारी किया गया है। दाहू यादव पहली बार 18 जुलाई 2022 को ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए हाजिर हुआ था। बाद में ईडी पंकज मिश्रा और उसे आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करना चाहती थी। इसके लिए उसे समन किया गया था। लेकिन दाहू यादव ईडी के समक्ष हाजिर नहीं हुआ था।

# झारखंड में पहली बार 20-25 की तादाद में दिखी ब्लैक हेडेड आइबिस चिड़िया



ब्लैक हेडेड आइबिस के साथ पन्नालाल महतो। ● द फोटोन न्यूज

**संवाददाता, रजरप्पा।**

ब्लैक हेडेड आइबिस वेडिंग चिड़िया पहली बार बीआईटी मेसरा रांची के समीप एक खेत में देखी गईं है। यह चिड़िया आइबिस परिवार से आते है। जब इसकी ब्रीडिंग का समय आता है तो इनके टेल फेधर सफेद से काले हो जाते है। ये ईस्ट और साउथ इस्ट एशिया में पाए जाते है। ये समुंदर के आस-पास, झीलें या जहाँ पानी हो वहाँ रहना पसंद करते है। लेकिन पिछले कुछ सालो में इनकी तादाद में काफी गिरावट आयी है जिसका मुख्य कारण इंसान के द्वारा शिकार करना है। यह जानकारी रामगढ़ प्रखंड के कुंदरूकलां पंचायत सरैया निवासी सह बर्डमैन पन्नालाल महतो ने दी।

बताते चलें कि वे जापान, कोरिया गणराज्य, लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक और मंगोलिया में प्रवासी या आवारा हैं। प्रजाति भारत, श्रीलंका, नेपाल और म्यांमार में एक व्यापक प्रजनन पक्षी है, और कंबोडिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, थाईलैंड और वियतनाम में कुछ स्थानों या प्रजनन कालोनियों में काफी गिरावट आई है।

पक्षी विशेषज्ञ ने बताया कि गर्मी में पानी का स्तर घटते ही लंबे पैर और चोंच वाले यह पक्षी जलाशय, झील, समुन्द्र आदि यहां रहने आते है। अपने लंबे और लंबी चोंच के कारण इन्हें वेडर्स पक्षी भी कहा जाता है। ब्लैक हेडेड का चोंच और सिर का हिस्सा काला होता है चोंच लंबी और आगे की ओर मुड़ी हुई होती है। ये पक्षी सांप, सीप, मेंढक खाते है। इस पक्षी की प्रजाति विलुप्त होने की कगार पर है। अवैध शिकार और कीटनाशकों से उन्हें बेहद नुकसान हो रहा है। कुछ इसी तरह पतंग के धागों और मांझे में फंसकर अपनी जान गवां रहे हैं।

# सुप्रसिद्ध डॉक्टर एचके सिंह को मिली जान से मारने की धमकी

## रामगढ़ एसपी को आवेदन देकर जान माल की सुरक्षा की लगाई गुहार

**भुरकुंडा रामगढ़।**

बरका सयाल के क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी सह भुरकुंडा कोयलांचल के जाने माने सुप्रसिद्ध डॉक्टर एचके सिंह ने जान माल की सुरक्षा को लेकर गुरुवार को रामगढ़ एसपी को लिखित आवेदन दिया है।

पत्र में डॉ हरेन्द्र कुमार सिंह (एचके सिंह) ने कहा है की मैं भुरकुण्डा हॉस्पीटल कॉलोनी भुरकुण्डा, सीसीएल में बतौर चीफ मेडिकल ऑफिसर पद पर कार्यरत हूं। मेरा रिटायरमेन्ट अगस्त 2023 में है। मेरे द्वारा वर्ष 2010 में पत्नी ममता सिंह के नाम से सात डिसमिल आवासीय श्रेणी की जमीन ग्राम रउता, थाना नं-146, थाना-माण्डु, खाता नं-29, मौजा नं-28, प्लॉट नं-244/463 डॉ दिनेश कुमार भगत से खरीदी थी। जमीन लेने के बाद बाउण्ड्री वाल करके एक कमरे का निर्माण कर छोड़ दिया था।

इस बीच व्यस्तता के कारण कई वर्षो तक अपनी जमीन देखने नहीं जा सका। कुछ माह पहले जब मैं अपनी जमीन पर गया तब पाया कि मेरी जमीन के कुछ हिस्से में कारू सिंह नाम का एक व्यक्ति अपना पक्का मकान बना चुका है। साथ ही बाकी बचे हुए जमीन पर मेरे द्वारा निर्मित कमरे व बाउण्ड्री में भी अपना ताला लगा चुका है। मेरे द्वारा आपत्ति जताते पर कारू सिंह द्वारा मुझे जान से मारने की धमकी दी गई। कहा गया कि मैं रामगढ़ थाना का एसपीओ हूं, दुबारा जमीन पर आये तो पुलिस केस में फंसा दूंगा। साथ ही जान से मरवा देने की भी धमकी भी दी है। इससे मैं एवं मेरा पूरा परिवार इस धमकी की वजह से काफी दहशत में है। साथ ही यह भी चिन्ता है कि रिटायरमेन्ट के बाद हम कहां जायेंगे।

श्री सिंह ने पुलिस प्रशासन से अपने जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आग्रह किया है की उक्त व्यक्ति से हमें सुरक्षा प्रदान कराते हुए मेरी जमीन कब्जा मुक्त करवाने की कार्रवाई की जाये।

# डीपीएस कैंपस में 'भारतीय संविधान: अधिकार जानिए' विषय पर हुई चर्चा

**संवाददाता, मेदिनीनगर।**

शहर के डेडीकेटेड प्रीमियर स्कूल (डीपीएस) कैंपस में गुरुवार को 'भारतीय संविधान : अधिकार जानिए' विषय पर चर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में संविधान निमार्ता डॉ बीआर आंबेडकर को याद करते हुए उनके विषय में शिक्षाविदों ने प्रकाश डाला। बच्चों ने संविधान में उल्लेखित बातों से संबंधित कई रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के डायरेक्टर प्रभात कुमार अग्रवाल ने कहा कि भारत का संविधान से सभी को परिचित होना जरूरी है। विशेषकर बच्चों में प्रारंभिक काल से ही अपने देश के संविधान के प्रति जागरूक करते रहना चाहिए। विद्यार्थी जैसे जैसे जानकारी हासिल करेंगे वे अपने को पूर्ण करेंगे। उन्होंने बच्चों के लिए देशभक्ति गीत गया। पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला ने भारतीय संविधान पर चर्चा करते हुए कहा कि जिस तरह बच्चों ने आज संविधान में उल्लेखित कुछ संवादों को अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया है, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शुरूआती समय से ही इस तरह के कार्यक्रम को आयोजित कर उन्हें दक्ष बनाया जाना चाहिए।

आईटी गुरु ई. विनय मेहता ने कहा कि आजाद भारत के आजाद नागरिक को अपने संवैधानिक अधिकार को अवश्य ही जानना चाहिए।

# धनबाद : बरवाअड्डा थाना पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**संवाददाता, धनबाद।**

जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र स्थित निरंकारी चौक के समीप बाईपास रोड पर बाइकसवार कांट्रेक्टर राजकुमार साव की हत्या मामले में पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई मुकेश महतो को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। जिससे नाराज मृतक के परिजनों एवं कुर्मिडीह के सैकड़ों ग्रामीणों ने बरवाअड्डा थाना के सामने बवाल किया।

दरअसल, बुधवार की दोपहर को कांट्रेक्टर राजकुमार साव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले की पूछताछ के लिए पुलिस मृतक के चचरे भाई को हिरासत में लेकर थाना ले आई। इसके विरोध में गुरुवार को मृतक के परिजनों ने सैकड़ों ग्रामीणों ने थाना के गेट के सामने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और धनबाद-बरवाअड्डा मुख्य सड़क पर टायर जला कर जाम लगा दिया। बाद में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समझाए जाने पर ग्रामीण शांत हुए और सड़क से जाम हटा दिया।

प्रदर्शन कर रहे मृतक के परिजनों का आरोप है कि अपराधी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। पुलिस परिजनों को पकड़कर उन्हें परेशान कर रही है। उनका आरोप है कि पुलिस इस हत्याकांड की जांच को कुछ और ही रूप में मोड़ने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस शख्स को पूछताछ के लिए पुलिस ने उठाया है, वह निर्दोष है। उसे जल्द से जल्द छोड़ा जाए एवं वास्तविक अपराधियों को गिरफ्तार किया जाए।

# डाका डालने के आरोप में मकान मालिक का बेटा और बहू गिरफ्तार

**संवाददाता, गिरिडीह।**

मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के झरियागादी के गरहाटांड गांव में सिविल कोर्ट और सदर अस्पताल कर्मी के घर महिला को बेहोश कर दस लाख की डकैती की घटना का गुरूवार को खुलासा हो गया। पुलिस ने इस घटना में संलिप्तता के संदेह में मकान मालिक दिलीप सिंह के बेटे अभिषेक सिंह उर्फ छोटू और उसकी पत्नी रुचि सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि दोनों पति-पत्नी ने ही घटना को अंजाम दिया और अपने आप को बचाने के लिए डकैती की कहानी गढ़ ली।

बताया जाता है कि मामले की जांच को लेकर जब सदर एसडीपीओ अनिल सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर जांच कर रहे थे तो इस दौरान ही स्थानीय लोगों की ओर से उन्हें जानकारी मिली कि संदेहास्पद स्थिति में एक महिला को घर के बगल में एक चारदीवारी में झाड़ियों में कुछ समान फेंकते हुए देखा गया।

इस जानकारी के आधार मौके पर ही तलाशी के दौरान पुलिस टीम को एक पोटली में चांदी के कुछ जेवर पड़े मिले। उसके बाद ही एसडीपीओ ने संदेह के आधार पर मकान मालिक के बेटे अभिषेक सिंह और उसकी पत्नी रुचि को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान ही पुलिस को 19 हजार रुपए नकद समेत एटीएम कार्ड व कई जेवर से भरा एक बैग घर के बगल में ही दूसरे हिस्से से बरामद हुआ।

पूछताछ के दौरान ही पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि घटना को अंजाम देने के बाद दोनों पति पत्नी पश्चिम बंगाल के आसनसोल भागने की तैयारी में थे। लेकिन इसके पूर्व ही मामले का खुलासा हो गया और दोनों पुलिस की गिरफ्त में आ गए और मनगढ़ंत डकैती कांड का खुलासा हो गया।

मामले की जांच के दौरान पुलिस को इस मामले को लेकर शक तब और गहरा गया जब उन्हें बताया गया कि घटना के समय घर की छत पर आरोपित अभिषेक सोया हुआ था। इस दौरान सात अपराधी घर में घुसे और रुचि को नशीला पदार्थ सुंघाकर कर बेहोश कर घर के दो कमरे में लूटपाट कर फरार हो गए। रुचि के इस बयान पर पुलिस उसका मेडिकल जांच कराने की प्रक्रिया में जुटी हुई थी कि मामले का खुलासा हो गया। दोनों आरोपितों को मुफ्फसिल थाना पुलिस गिरफ्तार कर थाने ले गई। पुलिस अब उनसे पूछताछ में जुटी हुई है।

# बेंच मार्क पब्लिक स्कूल भुरकुंडा में कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन, बच्चों ने ली कराटे की ट्रेनिंग



शिविर में कराटे का प्रशिक्षण लेते बच्चे। ● द फोटोन न्यूज

**भुरकुंडा (रामगढ़)।**

भुरकुंडा हुरूमगढ़ा कूप मैदान स्थित बेंच मार्क पब्लिक स्कूल में मॉडर्न मार्शल आर्ट्स कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में गुरूवार को कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में मुख्य प्रशिक्षक सेंसी विकास पाठक ने बच्चों को योग व कराटे की ट्रेनिंग देते हुए इसके लाभो के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

मौके पर स्कूल के प्राचार्य आशुतोष कुमार चौबे ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन कटिबद्ध है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से ही कराटे का प्रशिक्षण दिलाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि कराटे आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। कराटे से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है इससे शारीरिक तंदुरूस्ती भी आती है।

चौबे ने कहा कि हमारे विद्यालय में बच्चों को बेहतर शिक्षा व अच्छे संस्कार के साथ-साथ खेल-कूद आदि के लिए प्रेरित किया जाता है ताकि बच्चों की प्रतिभा निखर सके। बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। उन्होंने बताया कि बेंच मार्क स्कूल में अब बच्चों को नियमित रूप से योग व कराटे का प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। शिविर को सफल बनाने सेंसी विकास पाठक के साथ सीनियर कराटे कार रविशंकर कुमार एवं सिद्धार्थ प्रसाद ने अहम भूमिका निभाई।

# आजसू ने निकाला सामाजिक न्याय मार्च, उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र

**संवाददाता, रामगढ़।**

आजसू पार्टी के केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर गुरुवार को रामगढ़ जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी के नेतृत्व में सामाजिक न्याय मार्च निकाला गया। सामाजिक न्याय मार्च नगर परिषद क्षेत्र के कोठार ओवर ब्रिज से जिला समाहरणालय तक निकाला गया। इस न्याय मार्च में जिलेभर से सैकड़ों आजसू नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। जबकि मुख्य रूप से विधायक सुनिता चौधरी, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज महतो शामिल हुए। सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी व संचालन रामगढ़ नगर परिषद कमिटी अध्यक्ष राजेश महतो ने किया।

सभा उपरांत आजसू पार्टी का प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा है। जिसमे, खतियान आधारित नियोजन नीति, सरना धर्म कोड लागू करना, जातीय जनगणना करवाना, आंदोलनकारियों को उचित सम्मान देना, पूर्व मे शामिल शामिल अनुसूचित जनजाति को पूनः अनुसूचित जनजाति में शामिल करना, बेरोजगारों को रोजगार देना, संसाधनों की लूट बंद करना शामिल है।

## श्री अग्रसेन स्कूल में नए बच्चों को स्कूल आने के लिए किया गया प्रेरित

# विभिन्न गतिविधियों से बच्चों को सहज बनाने की कोशिश



विभिन्न गतिविधियों से बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करतीं शिक्षिकाएं। ● द फोटोन न्यूज

**भुरकुंडा (रामगढ़)।**

श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के केजी कक्षाओं में बच्चों के लिए गुरूवार को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। गेम्स, पेंटिंग, नृत्य, संगीत आदि के माध्यम से नए बच्चों में स्कूल आने के प्रति रुचि बढ़ाई गई, ताकि बच्चे पूरी सहजता के साथ स्कूल में अपना समय व्यतीत कर सकें।

इस अवसर पर नए अभिभावकों के साथ आयोजित सेशन में जूनियर विंग की प्रमुख करुणा राजगढ़िया ने कहा कि स्कूल जाने की शुरूआत में नई जगह होने के कारण किसी भी बच्चे के लिए मुश्किलें हो सकती है। बच्चा नए लोगों से मिलता है, जिन्हें उसने पहले कभी नहीं देखा है। ऐसे में बच्चों को स्कूल भेजने के लिए पैरेंट्स को भी कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसलिए कुछ जरूरी तैयारियां अवश्य करें, ताकि बच्चा स्वयं स्कूल के लिए खुद को प्रीपेयर कर सके। उन्होंने कहा कि बच्चे की पसंद का स्कूल बैग, वाटर बोतल, लंच बॉक्स, कलर बॉक्स, शूज, यूनिफार्म, स्टेशनरी जैसी चीजें दिलाएं। इससे बच्चे का उत्साह बढ़ेगा। शॉपिंग के दौरान उसे बार-बार बताएं कि वह बड़ा हो गया है। अब वह स्कूल जाएगा। इसलिए उसकी पसंद से शॉपिंग की जा रही हैं।

स्कूल के एनवायरनमेंट, शेड्यूल और स्कूल के बारे में तरह-तरह की पॉजिटिव बातें बताएं। आप अपने स्कूलिंग लाइफ की यादों को भी पूरे उत्साह के साथ बताएं, भले ही वह मनगढंत ही क्यों न हो। करुणा राजगढ़िया ने कहा कि बच्चा जब स्कूल से घर आये तो उसकी फीलिंग्स के बारे में बात करें। स्कूल में होनेवाली परेशानी पर बात करते हुए उसका पॉजिटिव समाधान बताएं। उसे बताएं कि वो आज स्कूल में कौन सा गेम्स खेलेगा। कौन-कौन सी एक्टिविटी होगी। ड्राइंग करेगा तो कितना मजा आएगा। कितने सारे नये दोस्त बनेगें। बच्चा जब घर में रहे तो उसके क्लास में कौन-कौन बच्चे हैं यह बात बार-बार पूछें। उसकी मेमोरी पावर बढ़ेगी। स्कूल को लेकर या स्कूल में उसकी सुरक्षा के प्रति कोई नेगेटिव बात न करें। क्योंकि स्कूल स्वयं छोटी-छोटी बातों के प्रति गंभीर रहता है।

स्कूल में बच्चों को गुड टच बैड टच का अंतर भी बहुत ही प्रॉपर तरीके से वीडियो, चित्र व एक्शन के माध्यम से बताया जाता है। सीबीएसई इसके लिए सभी टीचरों को प्रशिक्षित करता है। बच्चे को विश्वास दिलाएं कि स्कूल में मैम है। प्रिंसिपल हैं। वाशरूम ले जाने के लिए मेड है। कहीं कोई दिक्कत नहीं होगी। जैसे घर पर है हमसब केयर करते हैं, वहां भी प्रॉपर केयर मिलेगा। संभव हो तो उस स्कूल में आसपास से जानेवालों से भी उसे मिलवाएं। इससे बच्चे को कभी नही लगेगा कि वो बिल्कुल अनजान दुनिया में जा रहा है। इन छोटी-छोटी बातों को अपनाकर आप अपने बच्चे को स्कूल जाने में सहज महसूस करवा सकते है। मौके पर रीता राय, लालसा प्रजापति, अनन्या कुमारी, सीमा लकड़ा, प्रीति कुमारी आदि उपस्थित थीं।

## ब्रीफ न्यूज

### तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी, बाल-बाल बचे कार में सवार दो युवक

**भुरकुंडा (रामगढ़) :** भुरकुंडा से पतरातू की ओर तेज रफ्तार से जा रही जेएच 24 ए 9583 नंबर की मारूति सुजूकी कार अनियंत्रित हो कर सड़क के किनारे पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो कार की रफ्तार काफी तेज थी जिसके कारण यह घटना घटी है। हलांकि कार में सवार जवाहर नगर ज्योति क्लब भुरकुंडा निवासी ऋतिक दास व उसका दोस्त बाल-बाल बच गया। कार में सवार दोनो युवक पीछे का शीशा तोड़ कर बाहर निकले। वहीं गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जाता है कि पेट्रोल पंप के आगे चढ़ाई में कार अनियंत्रित होकर ऊपर उड़ते हुए पतरातू रेलवे कोयला साइडिंग के मुख्य द्वार के सामने गढ़े में जा गिरी।

### समाजसेवी के चाचा के निधन पर लोगों ने जताया शोक

**रजरप्पा :** बीते दिन मंगलवार को झारखण्ड पार्टी, आदिवासी विकाश संघ के केंद्रीय सदस्य एवं युवा नेता आकाश करमाली के चाचा स्व. मारवाड़ी करमाली (55 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया. उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक दल के नेता, समाजसेवी एवं प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने शोक प्रगट किया। वे अपने पीछे पत्नी, एक बेटा, दो बेटी एवं भरा पुरा परिवार छोड़ गए. उनका अंतिम संस्कार बुमरी पंचायत स्थित खोरही नदी के तट पर किया गया. उनके निधन से पैतृक निवास कंजगी करमाली टोला में शोक की लहर है.

### रामायण पर आधारित दोगोला चैता मुकाबला 15 अप्रैल को

**खूंटी :** खूंटी जिला चैता महासमिति के तत्वावधान में 15 अप्रैल को शाम 7.30 बजे से खूंटी क्लब प्रांगण में दोगोला चैता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। दोगोला चैता रामायण पर आधारित होगा और इसमें पलामू झारखंड के व्यास राहुल सिन्हा का मुकाबला औरंगाबाद बिहार के विकास तूफान से होगा। इस आशय की जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष कंचन कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन शाम 7.30 बजे खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा करेंगे। मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर नगर पंचायत खूंटी के अध्यक्ष अर्जुन पाहन मौजूद रहेंगे।

### आठवीं की परीक्षा संपन्न, पदाधिकारी रहे तत्पर

**रांची :** कांके में आठवीं बोर्ड की परीक्षा कदाचार मुक्त रही। दो पालियों में होने वाले परीक्षा कांके प्रखंड में 15 केंद्र पर शांति पूर्ण से सम्पन्न हुआ। प्रखंड प्रसार शिक्षा पदाधिकारी के आंकड़ों अनुसार परीक्षा में प्रखड के 3828 परीक्षार्थियों को सम्मलित होना था । जिसमे 3729 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए वहीं 99 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में परीक्षार्थी की सुविधा के लिए कांके प्रखंड के शिक्षा विभाग के कर्मचारी केंद्र में तत्पर थे। मौके पर बीपीओ मंजू विगुल, बीआरपी कृष्णा प्रसाद, सीआरपी धर्मेन्द्र प्रसाद सिंह, इम्तियाज अंसारी, प्रदीप मिश्र, अरविंद मिश्र की भूमिका सराहनीय रही।

### तीस दिवसीय नि:शुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का शुभारंभ

**लोहरदगा :** बैंक ऑफ इंडिया व ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के 30 दिवसीय निःशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आरसेटी भवन में किया गया। इस मौके पर अग्रणी जिला प्रबंधक रविंद्र प्रसाद एवं आर सेठी के निदेशक ने संयुक्त रूप से इस प्रशिक्षण का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर जिला प्रबंधक प्रसाद ने सभी प्रशिक्षुओं को अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करने को कहा। उन्होंने कहा कि आज सभी अपने को सुंदर एवं आकर्षक दिखाना चाहते हैं, इसके लिए वे अच्छी कीमत तक चुकाते हैं। अगर हम अच्छी तरह से इस प्रशिक्षण को लेते हैं, तभी अच्छी सेवा देकर इस क्षेत्र में अच्छा मुनाफा भी कमा सकते हैं। हमें ग्राहकों की जरूरत को समझते हुए मल्टीटास्किंग होना चाहिए। संस्थान के निदेशक ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आप को स्वरोजगार से जोड़ना है एवं आपकी आय में वृद्धि करना है।

### तालाब में डूबकर स्कूली छात्र की मौत

**खूंटी :** हुटूबदाग बस्ती के खेत में नगर पंचायत की ओर से खोद गए नये तालाब में गुरुवार को स्कूली छात्र की डूबने से मौत हो गई। मृतक छात्र की पहचान खूंटी के टंगराटोली गांव में रहनेवाले मुनूरेन होरो के पुत्र सैम होरो (12) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि छात्र सैम होरो शहर के पिपराटोली स्थित एक निजी विद्यालय बीएम नेशनल स्कूल में कक्षा पांच का छात्र था। स्कूल से ही अपने तीन मित्रों के साथ वह स्कूल से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर उक्त तालाब को देखने गया था। उसके साथ स्कूल से तालाब गए उसके दोस्तों अभिषेक बोदरा, ओम साहू और ऋतिक बोदरा ने बताया कि तालाब में सैम होरो हाथ-पैर धोने लगा। इसी दौरान वह फिसलकर तालाब के गहरे पानी में चला गया। सैम को तालाब में डूबता देख उसके दोस्तों ने सहायता के लिए शोर मचाया। इस पर दूर खेत में काम कर रहे कुछ ग्रामीण वहां पहुंचे और तालाब के गहरे पानी में डूबे सैम को तालाब से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बाद में घटना की सूचना मिलने पर उसके मां-बाप तालाब के पास पहुंचे। अपने इकलौते बेटे के शव को देखकर पिता मुनूरेन होरो सकते में आ गये, वहीं मां आशा होरो अपने लाडले के शव से लिपट कर रोने लगी। इससे वहां का माहौल गमगीन हो गया।

### पांच दिनों में खूंटी में और तेज होगी सूर्य की तपिश

**खूंटी :** अगले पांच दिनों में खूंटी और आसपास के इलाके में सूर्य की तपिश और तेज होगी। इसके कारण अधिकतम मापमान में वृद्धि होगी और लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि इन पांच दिनों में आसमान में छिटपुट बादल रहने की सम्भावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 40-41 डिग्री सेंटीग्रेट तथा न्यूनतम तापमान 22-23 डिग्री सेंटीग्रेट के आसपास रहेगा। कृषि विज्ञान केंद्र खूंटी के कृषि एवं मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने गुरुवार को बताया कि आगामी मौसम पूवार्नुमान के आधार पर अधिकतम तापमान 42-44 डिग्री सेंटीग्रेट तथा न्यूनतम तापमान 24-25 डिग्री सेंटीग्रेट तक पहुंचने की सम्भावना है। इसके कारण लोगों को अधिक गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। डॉ चौधरी ने कहा कि गर्मी से बचने के लिए रोजाना कम से कम पांच लीटर पानी पीएं। पानी शरीर को ठंडा रखने का प्राकृतिक तरीका है। साथ ही ज्यादा तेल मसाला खाने से बचें और खाने में अधिक से अधिक मूली, दही, पुदीना, प्याज आदि का प्रयोग करें। इससे शरीर में ठंढक बनी रहती है।

### होटल के बाथरूम में मिला मालिक का शव, परिवार के सदस्यों ने साजिश की आशंका जतायी

**हजारीबाग :** शहर के कांग्रेस कार्यालय के समीप होटल ग्रीन पार्क के मालिक कुमार रजंन विश्वकर्मा का शव होटल के बाथरूम से गुरुवार को बरामद किया गया है। परिवार के सदस्यों ने साजिश के तहत हत्या की आशंका जतायी है। पुलिस से मिली सूचना के अनुसार गुरुवार दोपहर होटल के एक कर्मी ने होटल ग्रीन पार्क के मालिक कुमार रजंन विश्वकर्मा का शव देखा। इसके बाद प्रबंधन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस होटल पहुंची और रंजन की पत्नी निशि विश्वकर्मा से बातचीत की। निशि के अनुसार उनके पति स्वस्थ थे। उनकी मौत एक साजिश है। उनकी पत्नी ने एक व्यवसायी की संलिप्तता का संदेह जताया है। व्यवसायी उसके पति का करीबी दोस्त था और कल से लापता है। फिलहाल पुलिस ने शव की जांच पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

### गिरिडीह में भालू के हमले से दो महिलाएं घायल

**गिरिडीह :** जिले के तिसरी प्रखंड के थानसिंहडिह जंगल में गुरुवार को महुआ चुनने के दौरान भालू ने अचानक हमला कर दो महिलाओं को घायल कर दिया है। घायल दोनों महिलाओं को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी में भर्ती किया गया है। परिजनों ने बताया कि छोटू टुडू की पत्नी सरिता सोरेन और विजय टूटू की पत्नी जसमीता मुर्मू महुआ चुनने जंगल गई थी। इसी दौरान भालू ने सरिता सोरेन पर हमला कर दिया। जब उसकी गोतनी जसमीता मुर्मू उसे बचाने गई तो भालू ने उस पर भी हमला कर दिया। इसी बीच उन दोनों के शोर सुनकर आस पास महुआ चुन रहे लोग एकत्र हुए और उन दोनों को बचाया। इलाज के लिए दोनों को तिसरी स्वास्थ्य केंद्र में भर्तीकराया गया।

# अभी लालू यादव के सिंगापुर जाने का कार्यक्रम नहीं



लालू प्रसाद यादव मेडिकल चेकअप के लिए सिंगापुर जाएंगे। मीडिया में खबर आई थी कि 13 अप्रैल को वे सिंगापुर जाएंगे, लेकिन अब तक ऐसी कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। लालू यादव के नजदीकी सूत्रों से ने बात की। जानकारी मिली है कि अभी उनके सिंगापुर जाने का कार्यक्रम नहीं है। आगे डॉक्टर जब तिथि तय करेंगे, तब लालू प्रसाद सिंगापुर जाएंगे। बहुत संभव है कि इस माह वे सिंगापुर जाएं। इसके लिए उन्हें अनुमति की जरूरत भी होगी। बता दें कि लालू यादव का किडनी ट्रांसप्लांट दिसंबर माह में किया गया था। बेटी रोहिणी आचार्या ने उन्हें किडनी डोनेट किया है। ट्रांसप्लांट के बाद वे दिल्ली आएं और बेटी मीसा भारती के आवास पर रह रहे हैं। अब एक बार फिर से चेकअप के लिए उन्हें सिंगापुर जाना है, लेकिन अभी समय तय होना बाकी है। लालू प्रसाद की नजर भाजपा विरोधी पार्टियों को एकजुट करने निकले तेजस्वी यादव और नीतीश कुमार पर है। लालू प्रसाद को किडनी ट्रांसप्लांट के बाद डॉक्टरों ने जरूरी हिदायतें दे रखीं हैं, उन्हें किसी तरह का इंफेक्शन न हो इसका बहुत ध्यान रखना है। इसलिए भाजपा विरोधी पार्टियों के बड़े नेताओं राहुल गांधी, नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव, केजरीवाल आदि के साथ वाली मीटिंग में लालू प्रसाद नहीं गए हैं। आरजेडी की ओर से तेजस्वी यादव ने मोर्चा संभाला हुआ है। बता दें कि 25 सितंबर 2022 को सोनिया गांधी के साथ लालू प्रसाद और नीतीश कुमार ने दिल्ली जाकर उनके आवास पर मुलाकात की थी। इस बीच कई तरह के उथल-पुथल से कांग्रेस पार्टी और आरजेडी को गुजरना पड़ रहा है।

# औरंगाबाद में घर में घुसकर मारपीट



जिले में बुधवार की रात पुरानी रंजिश में घर में घुसकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। जिसमें एक महिला व युवती समेत तीन लोग घायल हो गए हैं। जिसमें से महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना नगर थाना क्षेत्र के श्रीकृष्ण नगर अहरी मुहल्ला की है। घायलों में महेश शर्मा, विद्या भूषण देवी व सोनम कुमारी शामिल हैं। सोनम कुमारी को सिर में गंभीर चोट लगी है। सभी घायल मूल रूप से गया के रहने वाले हैं।। घटना के बाद आनन-फानन में सभी को इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल ले जाया गया लाया गया। जानकारी के मुताबिक कुछ बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। जिसको लेकर मुहल्ले के ही राजा शर्मा, सत्यम कुमार, बबलू शर्मा समेत अन्य लोग ने घर में घुसकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया। नगर थाना की ने पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर घायल महेश शर्मा का बयान दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त-समाचार

### वैशाली में कंस्ट्रक्शन कार्यालय में लगी आग



**वैशाली जिले** के बिदुपुर थाना क्षेत्र के बिदुपुर बाजार में मां उषा कम्पेल्स में आधी रात को भीषण आग लग गई। आग माइक्रो रंजन कंस्ट्रक्शन कार्यालय में लगी है।आग लगने से कागजात और समान जल कर राख हो गया। घटना को लेकर बताया गया है कि बिजली की शॉट सर्किट से आग लगी है। वही आग लगने की सूचना बिदुपुर थाने के पुलिस अधिकारी और दमकल विभाग को दी गई, जिसके बाद मौके से पहुंची पुलिस अधिकारी और दमकल विभाग के कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया है। बीच बाजार स्थित बिल्डिंग में आग लगने की सूचना पर आसपास मौजूद दमकल गाड़ियों के कर्मियों को बुलाया गया था सभी ने आग को बुझाने में लगी थी। बिदुपुर बाजार स्थित जिस बिल्डिंग में आग लगी थी, उसी बिल्डिंग के सेकंड फ्लोर पर बैंक ऑफ इंडिया का शाखा है। हालांकि स्थानीय लोग और दमकल विभाग के तत्परता के कारण बड़ी हादसा होने से बच गया। किसी प्रकार की बड़ी घटना नही हो पाई है।

### 500 फीट खाई में गिरी 5 दोस्तों की कार, मौत



**समस्तीपुर** के पांच दोस्तों की मौत नेपाल की राजधानी काठमांडू में सड़क हादसे में हो गई। सभी मंगलवार को समस्तीपुर से कार से काठमांडू घूमने जा रहे थे। नेपाल के बदीर्वास काठमांडू बीपी राजमार्ग पर गाड़ी अनियंत्रित होकर 500 फीट खाई में गिर गई। चार दोस्तों की मौके पर मौत हो गई। पांचवें ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सभी के शव आज घर लाए जाएंगे। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पांचों कल्याणपुर और वारिसनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। सोने-चांदी के व्यापारी थे। मरने वालों की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के फूल्हारा गांव निवासी मृत्युंजय कुमार उर्फ गब्बर, भागीरथपुर के वार्ड 8 निवासी अभिषेक कुमार ठाकुर, मथुरापुर ओपी के राजेश कुमार सिंह, विकास नगर के मुकेश चौधरी और धर्मेंद्र सोनी के रूप में हुई है। हादसा नेपाल के बदीर्वास काठमांडू बीपी राजमार्ग हुआ। पांचों दोस्त एक ही कार से मंगलवार की शाम समस्तीपुर से काठमांडू के लिए निकले थे। इसी दौरान रास्ते में कार अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 500 फीट नीचे खाई में गिर गई। हादसा मंगलवार देर रात का बताया जाता है, लेकिन परिजन को इसकी जानकारी बुधवार को दोपहर के बाद मिली। परिजन का कहना है कि हादसे के बाद 4 की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी, जबकि इस घटना में घायल धर्मेंद्र सोनी की मौत बुधवार देर शाम इलाज के दौरान हुई। मरने से पूर्व धर्मेंद्र सोनी ने वहां की पुलिस को अपना परिचय दिया। इसके बाद मामले की जानकारी समस्तीपुर पुलिस को दी थी।

### गैंगस्टर अतीक के बेटे के एनकाउंटर पर नीतीश को सलाह



उमेश पाल मर्डर केस में वांटेड गैंगस्टर अतीक के बेटे असद और शूटर गुलाम मोहम्मद को यूपी पुलिस ने मार गिराया। इस एनकाउंटर पर जब केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से सवाल किया गया तो उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सलाह दी है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को अगर देखना हो और सामान्य नागरिक कैसे अपने को सुरक्षित महसूस करता है यह देखना हो तो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को योगी जी से सीख लेनी चाहिए। असद और शूटर गुलाम मोहम्मद को यूपी पुलिस ने मार गिराया। एनकाउंटर झांसी में रळक्र ने किया। दोनों पर पांच-पांच लाख रुपए का ईनाम था। पुलिस के मुताबिक, इनके पास विदेशी हथियार भी मिले हैं। 24 फरवरी को उमेश पाल के मर्डर के बाद ही ये फरार थे। रळक्र लगातार इन्हें ट्रेस कर रही थी और झांसी में इनकी लोकेशन मिलने पर पुलिस ने इन्हें मार गिराया। पटना में कुछ दिनों पहले एक पोस्टर ने राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी थी। पोस्टर में बिहार भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी की तुलना यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से की गई। कहा गया- 'बिहार का योगी, आ गया सम्राट भैया', 1 अणे मार्ग...खाली करो, खाली करो।' यह पोस्टर बेली रोड पर लगाया गया था। बता दें कि 1 अणे मार्ग मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास है। इस तरह सम्राट चौधरी को बिहार के अगले मुख्यमंत्री के तौर पर भी प्रोजेक्ट किया गया है।

### भोजपुर में ट्रैक्टर व मैजिक गाड़ी की सीधी भिड़ंत

आरा-सिन्हा मुख्य मार्ग पर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभी डुमरा गांव के पास बुधवार की देर शाम ट्रैक्टर व मैजिक गाड़ी की की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में मैजिक पर सवार तीन दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। घायलों की पहचान टाउन थाना क्षेत्र के तरी मोहल्ला निवासी अजय केशरी के 19 वर्षीय पुत्र राज केशरी,राजू कुमार के 18 वर्षीय पुत्र ओम प्रकाश एवं उसी थाना क्षेत्र के बड़की सिंगही गांव निवासी कृष्णा प्रसाद केशरी के 23 वर्षीय पुत्र आशीष केशरी के रूप में हुई है। घायल राज केशरी के पिता अजय केशरी ने बताया कि राज केशरी कोल्ड ड्रिंक का होलसेल का काम करता है। अजय अपने दोस्त राजू कुमार एवं ओम प्रकाश के साथ मैजिक गाड़ी पर कोल्ड ड्रिंक लोड कर सरैया बाजार स्थित दुकान पर देने गया था। वापस लौटने के दौरान शोभी डुमरा गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर से सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, एक अन्य घटना में गड़हनी थाना क्षेत्र के नहसी शिव मंदिर के समीप अनियंत्रित ट्रैक्टर ने कार में जोरदार टक्कर मार दी । इस हादसे में कार सवार तीन लोग जख्मी हो गए। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें गड़हनी पीएससी अस्पताल में इलाज कराया गया।जख्मियों में तरारी थाना क्षेत्र के बड़का गांव निवासी श्याम नारायण सिंह, संतोष सिंह और अंकित कुमार शामिल हैं।

# लखीसराय में जमीनी विवाद में युवक की हत्या




**लखीसराय** में जमीन विवाद में बीती रात अपराधियों ने नगर थाना क्षेत्र के बैलौरी गांव में घर से बुलाकर एक युवक की गला दबा कर हत्या कर दी। हत्या के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। इसके साथ ही इस घटना में शामिल मृतक के ममेरे भाई राजेश कुमार और मिथुन कुमार को बैलौरी गांव से गिरफ्तार कर लिया है। वही एक अन्य आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। मृतक की पहचान कैलाश यादव के पुत्र लक्ष्मण कुमार के रूप में की गई है। एएसपी रौशन कुमार ने बताया कि मृतक लक्ष्मण के ममेरे भाई राजेश अपने सहयोगियों मिथुन और लव के साथ मिलकर बीती देर शाम मृतक लक्ष्मण यादव को घर से बुलाकर ले गया। उसके बाद गांव के ही बहियार में ले जाकर उसकी हत्या की घटना को अंजाम दिया, जिसके बाद हत्यारों ने मृतक के ही बाइक से शव को घर पर लाकर छोड़कर फरार हो गया। घटना की वजह जमीन विवाद बताई जा रही है।

# मुजफ्फरपुर में नाबालिग से दो बार रेप की कोशिश




**मुजफ्फरपुर** में एक युवक ने एक महीने में दूसरी बार नाबालिग से रेप की कोशिश की। परिजन और ग्रामीणों ने आरोपी युवक को पकड़ लिया। पोल से बांधकर पिटाई की, फिर पुलिस के हवाले कर दिया। मामला पिछले सोमवार तुर्की ओपी के एक गांव का है। एक महीने पहले युवक ने नाबालिग के घर में घुसकर रेप की कोशिश की थी। किशोरी के शोर मचाने पर गांव वालों ने युवक को पकड़ा। पंचायत में उसे थूक चटवाया गया और हिदायत देकर छोड़ दिया गया। इस बेइज्जती का बदला लेने के लिए आरोपी ने दोबारा लड़की के घर में घुसकर रेप करने की कोशिश की, लेकिन इस बार भी वह पकड़ा गया। पीड़िता की मां ने बताया कि पिछले महीने 13 मार्च को उनकी बेटी घर में अकेली थी। घर के सभी लोग बारात गए थे। इसी दौरान आरोपी विकास कुमार घर में घुस गया। बेटी से रेप करने की कोशिश की, लेकिन शोर मचाने के बाद गांव वालों ने उसे पकड़ लिया। पोल से बांधकर उसकी पिटाई की गई थी। पीड़ित की मां पंचायत में जाने से इनकार कर दिया, लेकिन पिता इसके लिए तैयार हो गए। पंचायत की बैठक में आरोपी से थूक चाटने की सजा दी गई। इसके बाद उसे हिदायत देकर छोड़ दिया गया। पंचायत की सजा के बाद आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। वो 10 अप्रैल को फिर पीड़िता के घर में घुस गया और लड़की के साथ जबरदस्ती करने लगा। घर वालों ने लड़की की आवाज सुनी और आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी को बांधकर पिटाई की। पीड़िता के घर वालों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। तुर्की ओपी प्रभारी रवि प्रकाश ने बताया कि रेप की कोशिश करने के मामले में युवक की पिटाई की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी को जेल भेज दिया है।

# मुंगेर में रंगदारी के लिए 50 राउंड फायरिंग मासूम की मौत



**मुंगेर** में रंगदारी के लिए 50 राउंड से ज्यादा गोलीबारी हुई। इसमें एक 8 साल के मासूम अनुभव कुमार की मौत हो गई है। चंदन (20) नाम का एक युवक घायल हो गया। गोली उसकी कनपटी को छू कर निकल गई। परिवार ने गोलीबारी का आरोप गांव के ही कुछ लोगों पर लगाया है। घटना बुधवार की रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव की है। पीड़ित परिवार ने गांव के ही भीषण यादव समेत 7 लोगों पर रंगदारी मांगने और नहीं देने पर घर पर गोलीबारी का आरोप लगाया है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को 12 से ज्यादा खोखे मिले हैं। मासूम अनुभव के पिता अरुण यादव ने कहा कि शंकरपुर का ही रहने वाला भीषण यादव अपराधी प्रवृत्ति का है। उसकी पूरी गैंग है जो इस तरह से दहशत फैलाती है। भीषण यादव हमसे रंगदारी मांग रहा था। हम खेती-किसानी करते हैं। रंगदारी के लिए रुपए कहां से लाएं? हमने रंगदारी नहीं दी तो भीषण यादव, शिवम यादव, सनी यादव सहित 7-8 अपराधी बुधवार की देर रात मेरे घर पर आ गए। गोलीबारी कर मेरे बच्चे को मौत के घाट उतार दिया। उन्होंने कहा कि अपराधियों ने मेरे घर पर करीब 50 राउंड गोली चलाई थी। मेरे 8 साल के बेटे अनुभव कुमार को पेट में गोली लगी। वहीं मेरे भतीजे चंदन को बाएं कनपटी में गोली लगी। हम लोग दोनों घायलों को सदर अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने दोनों का प्राथमिक उपचार कर पटना रेफर कर दिया। इलाज के लिए पटना ले जाते समय रास्ते में ही अनुभव की मौत हो गई। अरुण यादव का कहना है कि गोलीबारी करने वाले आरोपी का सोशल मीडिया पर हथियार लहराते वीडियो-फोटो वायरल है। उन्होंने कहा कि गोलीबारी करने वाले अपराधी इलाके में वर्चस्व कायम करने के लिए हमेशा गोलीबारी करते रहते हैं।

# 2 गार्ड को गोली मारी, एक की मौत 12 लाख लूटे



सारण के सोनपुर में पंजाब नेशनल बैंक में गुरुवार को दिनदहाड़े लूट हुई है। इस दौरान 5 बदमाशों ने होमगार्ड के 2 जवानों को गोली मार दी। इनमें से एक की मौत हो गई है। उसे सिर में गोली लगी है। दूसरे को सीने पर गोली मारी, उसे गंभीर हालत में पटना के PMCH रेफर कर दिया गया है। लूटी गई रकम फिलहाल 12 लाख बताई जा रही है। हालांकि, सारण SP गौरव मंगला के मुताबिक लूट की पूरी रकम की जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। लूट के बाद बैंक के बाहर फायरिंग करते हुए सभी बदमाश भाग गए। घटना DRM ऑफिस के पास के ब्रांच की है। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे बैंक के अंदर बदमाश दाखिल हुए थे। बैंक के अंदर लगे CCTV कैमरे में ये पूरी वारदात कैद हो गई। CCTV में दिख रहा है कि रोज की तरह बैंक में काम चल रहा है। तभी 5 लड़के बैंक के अंदर दाखिल होते हैं। थोड़ी देर में सभी अपनी जेब से पिस्टल निकालते हैं। जैसे ही गार्ड एक्टिव होते हैं। अपराधी सीधे फायर करना शुरू कर देते हैं। एक गार्ड को सीने में गोली मारता है। गार्ड भी अपनी रायफल उठाकर गोली मारने की कोशिश करता है, लेकिन तब तक उसे गोली लग चुकी थी। इसके बाद वो फर्श पर गिर जाता है। थोड़ी देर बाद बदमाश गार्ड की रायफल उठाकर अंदर चला जाता है। बैंक में मौजूद महिला कर्मचारी ने बताया कि बैंक में रोज की तरह की काम चल रहा था। साढ़े 12 बजे के करीब 5 लोग बैंक में घुसे थे। थोड़ी देर में ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। हम डर गए थे। लोग चिल्लाने लगे थे। कुछ समझ नहीं आ रहा था क्या करें। मौके पर सारण एसपी गौरव मंगला भी पहुंचे हैं। वारदात के बाद पुलिस टीम ने नाकेबंदी कर दी है। अपराधियों की तलाश के लिए आसपास के CCTV फुटेज खंगाले जा रहे हैं। लूटपाट की इस घटना के बाद आसपास के जिलों को भी अलर्ट कर दिया गया है। मारे गए गार्ड की पहचान 55 साल के महेश साह के तौर पर हुई है। वहीं दूसरा जवान नरेश राय है। दोनों सोनपुर थाना क्षेत्र के गोविंदचक गांव के रहने वाले थे। मोतिहारी के चकिया में डकैतों ने बड़ी बैंक डकैती डाली है। ICICI बैंक के चकिया ब्रांच में 5 की संख्या में बदमाश घुसे। 48 लाख रुपए लूट ले गए। एसपी मौके पर पहुंचे हैं। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी बनाई गई है। घटना दोपहर 3 बजे की है। पिस्टल और कट्टा लेकर बाइकों से बदमाश पहुंचे। सीधे बैंक में कस्टमर बनकर घुसे। कैश काउंटर लूटा। फिर एक-एक करके सभी ग्राहकों से रुपए लूटे।

# पत्नी ने नहीं दिए पैसे पति ने खाया जहर



**भोजपुर** में गुरुवार को एक युवक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छोटकी सनदिया गांव की है। बताया जा रहा है कि युवक की पत्नी ने उसे नशा करने के लिए 100 रुपए नहीं दिए, इसके बाद उसने गुस्से में कीटनाशक खा लिया, जिससे उसकी तबीयत खराब होने लगी। पति की हालत बिगड़ता देख पत्नी घबरा गई। उसने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। परिजनों ने उसे आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, 27 साल के युवक का नाम मिंटू कुमार है और वह पेश से राज मिस्त्री है। मिंटू की पत्नी फुलझरी देवी ने बताया कि उसकी शादी को करीब 10 साल हो चुके हैं। शादी के बाद से ही उसके पति को नशे की लत लग गई। फुलझरी देवी के मुताबिक, मिंटू कमाए हुए पैसे से नशा करता था। उसकी बहन और भाई उसे आर्थिक सहयोग करते थे, जिससे उनके घर का खर्चा और बच्चे का पालन-पोषण होता है। मिंटू छोटकी सनदिया गांव निवासी राम लायक यादव का बेटा है। मिंटू की पत्नी ने बताया कि वह रोज सुबह काम पर जाता था और लौटते वक्त कमाए हुए पैसों से नशा कर लेता था। फुलझरी देवी ने बताया, 'जब मैं जबरदस्ती उससे पैसे मांगती हूं, तब ही वह देता है। बुधवार की सुबह वह मुझसे सौ रुपए नशा करने के लिए मांग रहा था, तो मैंने उसे देने से मना कर दिया, जिसके बाद उसने कहा कि अगर तुम मुझे पैसा नहीं दोगी तो मैं जहर खाकर मर जाऊंगा। इसके बाद घर में रखे अठाइल (कीटनाशक) के दवा को उसने पी लिया, जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। दोनों के चार बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और दो बेटियां हैं।

# सैन्य अनुशासन

पंजाब के बठिंडा सैन्य स्टेशन पर बुधवार तड़के फायरिंग में चार जवानों की मौत दुखद और चिंताजनक है। यह आतंकी वारदात नहीं है, पर सेना पूरी तरह सतर्कता बरत रही है और तलाशी अभियान भी जारी है। सूत्रों के अनुसार, सेना ने दोषी को पकड़ लिया है और उचित समय पर वह खुलासा करेगी। घटना सुबह 4:35 बजे हुई और सेना को इसकी तह में पहुंचकर समाधान करना चाहिए। बताया जाता है कि इस वारदात से दो दिन पहले सेना की एक इकाई से एक हथियार और कुछ राउंड गोलियां गायब हो गई थीं। क्या अभी हुआ हमला गायब हुए हथियार का नतीजा है? सेना जांच के बाद नतीजे पर पहुंचेगी। यह अच्छी बात है कि संपत्ति या अन्य किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है। यह भी गौर करने की बात है कि सैन्य जांच के अलावा पंजाब पुलिस भी जांच में जुटी है। बठिंडा सैन्य स्टेशन एशिया का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा है और सेना के मुख्यालय 10 कोर का घर है। यहां रहने वाले जवान आमतौर पर पंजाब और राजस्थान में पाकिस्तान के साथ भारत की सीमा की रक्षा के लिए जिम्मेदार हैं। सेना ने स्पष्ट नहीं किया है, लेकिन पंजाब सरकार के मंत्री अनमोल गगन मान ने बताया है कि यह आपसी झड़प का मामला है। आखिर आपसी झड़प की नौबत क्यों आई? क्या इस झड़प को रोका जा सकता था? वैसे सेना में जवानों की नाराजगी समय-समय पर सामने आई है, पर सैन्य प्रबंधन ने ऐसे मामलों को बेहतर ढंग से सुलझाया भी है। पिछली जो बड़ी घटना ध्यान में आ रही है, वह 27 फरवरी, 2014 की है। कश्मीर में एक सैन्य शिविर के एक सैनिक ने अपने पांच सहयोगियों की हत्या कर दी थी और फिर खुद को भी गोली मार ली थी। क्या सेना में अपने सहयोगियों पर हथियार तान देने की घटनाएं बढ़ी हैं? नहीं, कतई ऐसा नहीं है, भारतीय सेना में प्रतिकूल स्थितियों में सेवा के बावजूद जवानों के बीच अनुशासन लाजवाब माना जाता है। जवानों के बीच हिंसा या झड़प की मामूली या इक्का-दुक्का घटनाओं के आधार पर किसी नतीजे पर नहीं पहुंचना चाहिए। हां, तनाव की स्थिति ऐसी जगहों पर बनती है, जहां उपद्रव या हिंसा से जवानों को निरंतर जूझना पड़ रहा है। एक तथ्य यह भी है कि किसी भी सेना या अर्द्धसैनिक बल में हर स्वभाव के लोग होते हैं और अनुशासन की डोर से सभी बंधे होते हैं। आमतौर पर कई लोग यह सोचते हैं कि युद्ध न होने की स्थिति में ज्यादातर जवान सुविधाओं के बीच समय गुजारते हैं, लेकिन वास्तव में भारत में जो स्थिति है, वह किसी से छिपी नहीं है। देश की सीमाओं पर अपेक्षाकृत शांति है, लेकिन आंतरिक रूप से भारत में सेना के पास बहुत काम हैं। पूर्वोत्तर से लेकर कश्मीर तक जवानों की तैनाती होती रहती है। बहुत कम ही मौके ऐसे आते हैं, जब जवानों को किसी शांत स्थान पर रहने का अवसर मिलता है। हालांकि, शांत स्थलों पर भी जवानों की दिनचर्या बहुत कसी हुई होती है। सूर्योदय से पहले उठने से लेकर रात के दस बजे तक जवानों की दिनचर्या बिल्कुल तय होती है। कब क्या अभ्यास करना है, कब क्या काम करना है, कब कक्षा में जाना है, कब भोजन करना है, सब नियम और कायदे से करना पड़ता है।

# अपराध मुक्त राजनीति

देश की विधायी संस्थाओं से आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों को दूर करने की मंशा से सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका के संदर्भ में केंद्रीय चुनाव आयोग ने जो शपथ-पत्र दायर किया है, उसके गहरे निहितार्थ हैं। आयोग ने अपने हलफनामे में स्पष्ट कहा है कि वह राजनीति को पूरी तरह अपराध-मुक्त करने को प्रतिबद्ध है, पर वह प्रदत्त शक्तियों के दायरे में ही इससे संबंधित कदम उठा सकता है। प्रकारांतर से आयोग का यही कहना है कि उसके पास इतने कानूनी अख्तियार ही नहीं कि वह निर्णायक फैसले ले सके। जाहिर है, आला अदालत ने चार हफ्तों में केंद्र सरकार से जवाब मांगा है कि जिन नेताओं के खिलाफ आरोप-पत्र दायर हो चुके हैं, या आरोप तय हो चुका है, उनके चुनाव लड़ने पर क्यों न रोक लगा दी जाए? आयोग ने याचिकाकर्ता द्वारा की गई इस मांग के प्रति अपनी पूर्ण सहमति जताई है। राजनीति के अपराधीकरण का मसला नया नहीं है। पिछले कई दशकों से इस संदर्भ में संसद से सड़क तक विमर्श होता रहा है, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं आया, बल्कि विधायी संस्थाओं में दागियों की आमद बढ़ती गई और तमाम पार्टियां नैतिकता को ताक पर रखकर जीतने की क्षमता के आधार पर ऐसे लोगों को टिकट बांटती रहीं। आलम यह है कि आज लोकसभा में बैठने वाले 43 फीसदी माननीयों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं, तो वहीं उच्च सदन में बैठने वाले 39 प्रतिशत सदस्यों के विरुद्ध विभिन्न प्रकरणों में मामले लंबित हैं। देश की दो प्रमुख राष्ट्रीय पार्टियों भाजपा और कांग्रेस के 145 लोकसभा सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे सुनवाई के विभिन्न स्तरों पर हैं। निस्संदेह, देश की राजनीति को दागियों से निजात दिलाने के लिए तो संसद को ही कानून बनाना होगा, पर क्या ये पार्टियां ऐसा करेंगी? ऐसे में, सुप्रीम कोर्ट से अपेक्षाएं बढ़ जाती हैं। मगर यह भी देखना होगा कि राजनीतिक विद्वेष के तहत कई मुकदमे दायर किए जाते हैं। ऐसे में, त्वरित सुनवाई और गलत मुकदमे करने वालों को हतोत्साहित करने की जरूरत है। बहरहाल, चुनाव आयोग की यह बात अपनी जगह दुरुस्त है कि उसके पास सीमित कानूनी अधिकार हैं, मगर क्या यह सच नहीं है कि अपने सीमित अधिकारों के अधिकतम सदुपयोग से टीएन शेषन ने इस संस्था के लिए अभूतपूर्व प्रतिष्ठा अर्जित की?

# राजस्थान में राज बदलेगा या रिवाज

विश्लेषण



रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान में आम आदमी पार्टी ने कोटा के नवीन पालीवाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करना प्रारंभ कर दिया है। विधानसभा चुनाव का प्रभार राज्यसभा सदस्य व पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ संदीप पाठक को पहले ही दे चुकी है। दिल्ली के द्वारका से विधायक विनय मिश्रा को राजस्थान का प्रभारी बनाया गया है। पार्टी ने दिल्ली, पंजाब और गुजरात के सात विधायकों अमनदीप सिंह गोल्डी, नरेश यादव, चेतर वसावा, नरेंद्र पाल सिंह सवाना, हेमंत खावा, शिवचरण गोयल और मुकेश अहलावत को सह प्रभारी बनाया है है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान जयपुर में रोड शो करके चुनाव तैयारी का आगाज कर चुके हैं। हालांकि पिछले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का ट्रैक रिकॉर्ड बहुत ही खराब रहा था। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहे रामपाल जाट को 628 वोट ही मिल पाए थे। यही हाल अन्य का था। 2018 के चुनाव में आम आदमी पार्टी को प्रदेश में 0.38 प्रतिशत वोट मिले थे।

राजस्थान विधानसभा चुनाव होने में सिर्फ सात महीने का समय रह गया है। ऐसे में सभी राजनीतिक दल चुनावी व्यूह रचना बनाने में लग गए हैं। सत्तारूढ़ कांग्रेस के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का मानना है कि उनकी लोक हितकारी योजनाओं से इस बार के चुनाव में हर बार सत्ता बदलने का रिवाज बदल जाएगा। भाजपा सहित सभी विपक्षी दलों के नेताओं का मानना है कि प्रदेश की जनता गहलोत सरकार को हटाकर राज बदलने को तैयार बैठी है। वोट पड़ेंगे तब राज बदल जाएगा।

राजस्थान में आम आदमी पार्टी ने कोटा के नवीन पालीवाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करना प्रारंभ कर दिया है। विधानसभा चुनाव का प्रभार राज्यसभा सदस्य व पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ संदीप पाठक को पहले ही दे चुकी है। दिल्ली के द्वारका से विधायक विनय मिश्रा को राजस्थान का प्रभारी बनाया गया है। पार्टी ने दिल्ली, पंजाब और गुजरात के सात विधायकों अमनदीप सिंह गोल्डी, नरेश यादव, चेतर वसावा, नरेंद्र पाल सिंह सवाना, हेमंत खावा, शिवचरण गोयल और मुकेश अहलावत को सह प्रभारी बनाया है है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान जयपुर में रोड शो करके चुनाव तैयारी का आगाज कर चुके हैं। हालांकि पिछले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का ट्रैक रिकॉर्ड बहुत ही खराब रहा था। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहे रामपाल जाट को 628 वोट ही मिल पाए थे। यही हाल अन्य का था। 2018 के चुनाव में आम आदमी पार्टी को प्रदेश में 0.38 प्रतिशत वोट मिले थे। हालांकि अब पार्टी के नेता प्रदेश में अगली सरकार बनाने का दावा कर रहें है।

राजस्थान में मुख्य विपक्षी दल भाजपा है। भाजपा विधानसभा चुनाव की तैयारी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 1.22 प्रतिशत यानी एक लाख 77 हजार 699 वोट अधिक प्राप्त कर 79 सीट अधिक जीत ली थी। वही इतने वोटों के अंतर पर भाजपा की 90 सीटें कम हो गई थी। इससे भाजपा सत्ता से बाहर हो गई थी। अपनी पिछले विधानसभा चुनाव की कमी को दूर करने के लिए भाजपा अभी से जुट गई है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा प्रदेश की राजनीति में सोशल इंजीनियरिंग के फामूर्ले पर काम कर रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर ब्राह्मण समाज के सीपी जोशी को नियुक्त किया गया है। सीपी जोशी चित्तौड़गढ़ से दूसरी बार लोकसभा सदस्य हैं। जयपुर में कुछ दिनों पूर्व ही ब्राह्मण समाज ने लाखों लागों को एकत्रित कर एक विशाल सम्मेलन का आयोजन किया था। इसमें ब्राह्मण समाज ने प्रदेश की सभी पार्टियों से उनके समाज को सत्ता में अधिक भागीदारी देने की मांग की थी। उस सम्मेलन के कुछ दिनों बाद ही भाजपा ने सीपी जोशी की प्रदेश अध्यक्ष के रूप में ताजपोशी कर दी। भाजपा ने राजपूत समाज के सातवीं बार विधायक बने राजेंद्र राठौड़ को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाए गए डॉक्टर सतीश पूनिया को विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष बना कर जाट समाज को भी खुश कर दिया गया है। सतीश पूनिया पहली बार आमेर से विधायक बने हैं। इसलिए उन्हें उपनेता का पद ही मिल पाया है। चर्चा है कि मीणा समाज के राज्यसभा सदस्य डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा को केंद्र में मंत्री बनाया जा सकता है। राजपूत समाज के गजेंद्र सिंह शेखावत,



यादव (अहीर) समाज के डॉक्टर भूपेंद्र यादव, ब्राह्मण समाज के अश्विनी वैष्णव केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं।

जाट समाज के कैलाश चौधरी, अनुसूचित जाति के अर्जुनराम मेघवाल केंद्र सरकार में राज्य मंत्री हैं। बनिया समाज के ओम बिरला लोकसभा अध्यक्ष हैं। वही गुलाबचंद कटारिया को असम का राज्यपाल बनाया गया है। झुंझुनू से सांसद, केंद्र सरकार में उप मंत्री व अजमेर जिले के किशनगढ़ से विधायक रहे जगदीप धनखड़ भी उपराष्ट्रपति पद पर हैं। गुर्जर समाज की अलका गुर्जर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव है। ओमप्रकाश माथुर केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य हैं। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे या उनके किसी समर्थक को भाजपा चुनाव अभियान समिति का संयोजक बनाया जा सकता है।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असादुदीन ओवैसी भी अपनी पार्टी का संगठन बनाने में लगे हुए हैं। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का पूरा संगठन पार्टी अध्यक्ष व नागोर सांसद हनुमान बेनीवाल के इर्द-गिर्द ही घूमता रहता है। बेनीवाल ने हाल ही में दिल्ली में अपनी पुत्री का जन्मदिन मनाया था। इसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शामिल हुए थे।

कांग्रेस की चुनाव कमान पूरी तरह मुख्यमंत्री गहलोत ने संभाल रखी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी संगठन के काम में लगे हैं। उन्हें अध्यक्ष बने तीन साल होने वाले हैं। ऐसे में चर्चा चल रही है कि प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर किसी अन्य नेता को नियुक्त किया जा सकता है। यदि प्रदेश अध्यक्ष बदला जाता है तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पूरा प्रयास रहेगा कि उनके समर्थक रघु शर्मा, महेश जोशी, महेंद्र चौधरी, नरेंद्र बुडानिया, लालचंद कटारिया में से किसी को अध्यक्ष बनाया जाए। ताकि चुनाव में उनके मन मुताबिक टिकटों का वितरण हो सके।

कांग्रेस के 400 में से 367 ब्लॉक अध्यक्षों की तो नियुक्तियां हो चुकी है। मगर अधिकांश जिला अध्यक्षों के पद लंबे समय से खाली हैं। इस कारण नीचे के स्तर पर संगठन पूरी तरह सक्रिय नहीं हो पा रहा है। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने हाल ही में तीन विधायकों अमित चाचान, इंद्राज सिंह गुर्जर, प्रशांत बैरवा सहित कुल 8 लोगों को पार्टी का प्रवक्ता नियुक्त किया है। वही सात लोगों को मीडिया पैनलिस्ट और तीन लोगों को मीडिया कोऑर्डिनेटर बनाया गया है।

कांग्रेस में 25 सितंबर 2022 की घटना में दोषी नेताओं पर अभी तक कार्रवाई नहीं होने से भी सचिन पायलट खासे नाराज हैं। सचिन पायलट ने जयपुर में एक दिन का उपवास रखकर अपनी ही सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया है। पायलट ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पर मिलीभगत का खेल खेलने का आरोप लगाया है। पायलट के अनशन को रोकने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने बहुत दबाव बनाया मगर पायलट आखिर अनशन करके ही माने हैं। हालांकि कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पायलट के अनशन को पार्टी विरोधी गतिविधि घोषित कर दिया था। मगर पायलट के खिलाफ अभी तक अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की किसी ने हिम्मत नहीं दिखाई है। पायलट को हनुमान बेनीवाल सहित आम आदमी पार्टी का भी समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस आलाकमान को पता है कि यदि पायलट के खिलाफ किसी तरह की अनुशासनात्मक कार्रवाई करेंगे तो राजस्थान की स्थिति भी पंजाब की तरह हो सकती है। कुल मिलाकर चुनावी दौर में कांग्रेस आपसी गुटबाजी की शिकार हो गई है जिसका खामियाजा उन्हें अगले विधानसभा चुनाव में उठाना पड़ेगा।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# कोरोना के बढ़ते मामले और सतर्कता की जरूरत

कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों ने एक बार फिर कोरोना प्रोटोकाल पालन के प्रति गंभीर होने के लिए चेता दिया है। ऐसे में कोरोना प्रोटोकाल को लागू करने या लोगों को उसका पालन करने का समय आ गया है। यह इसलिए भी जरूरी है कि देश में कोरोना प्रोटोकाल का पालन लगभग नहीं की स्थिति में पहुंच गया। देश में एक तरफ जहां प्रतिदिन कोरोना के मामलों में उछाल आ रहा है, वहीं कोरोना प्रोटोकाल का पालन करीब-करीब समाप्त हो चुका है।



पिछले दिनों से देश में औसतन प्रतिदिन पांच हजार से अधिक कोरोना पॉजिटिव आ रहे हैं और कोरोना के कारण भले ही कम हो पर मौत के मामले भी आने लगे हैं। एक सप्ताह में कोरोना के कारण देश में 68 लोगों की मौत की खबर है। इस स्थिति में केन्द्र व राज्य सरकारें सजग होने लगी हैं। 10 और 11 अप्रैल को समूचे देश में दो दिन की मॉक ड्रिल कर कोरोना से निपटने की तैयारियों या यों कहें कि दवाओं व संसाधनों की उपलब्धता को जांचा परखा गया। लेकिन जिस तरह से देश के पांच राज्यों में कोरोना मामलों की बढ़ोतरी ने चिंता में डाल दिया है उसे देखते हुए अधिक सतर्कता और सजगता जरूरी है।

लगभग समूची दुनिया में यह माना जा चुका है कि कोरोना से बचाव के लिए कोरोना प्रोटोकाल का पालन एक कारगर माध्यम है। आज हम मास्क पहनना भूल गए हैं तो सेनेटाइजर का उपयोग भी लगभग बंद हो गया है। इसी तरह दो गज की दूरी की बात भी इन दिनों बेमानी हो चुकी है। मास्क के उपयोग को लेकर पिछले दिनों लोकल सर्कल द्वारा कराए गए सर्वे ने तो चिंता में डाल दिया है। सर्वे में सामने आया है कि केवल और केवल 6 प्रतिशत लोग ही मास्क के प्रति थोड़े गंभीर दिख रहे हैं। यानी की 6 प्रतिशत लोग ही मास्क का उपयोग कर रहे हैं। हालात तो यह है कि कोरोना तो दूर वाइरस जनित बीमारियों के फैलाव के बावजूद देश के किसी भी क्षेत्र के किसी भी अस्पताल में चल जाएं इक्के-दुक्के लोग ही मास्क लगाए दिखाई देते हैं।

यह तो अस्पतालों की हालत है जहां बीमार या तीमारदार ही जाते हैं। ऐसे में यह अपने आप में गंभीर हो जाता है। बाजार, सार्वजनिक परिवहन साधनों, मॉल्स, सिनेमागृहों, राजनीतिक रैलियों, धार्मिक स्थलों आदि पर खोजने से भी मास्क लगाए कोई नहीं दिखता। ऐसे में कोरोना संक्रमण के नए मामलों का आना चिंता का सबब है। खासतौर से केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा और तमिलनाडु में जिस तरह कोरोना संक्रमण का अधिक फैलाव देखा जा रहा है, यह चिंतनीय है।

दरअसल कोरोना काल के अनुभव आज भी रुह कंपा देने के लिए काफी है। लंबा लॉकडाउन, सबकुछ बंद, प्रवासी श्रमिकों का हाईवे पर रेला, वेंटिलेटरों, ऑक्सीजन, बेड की तलाश में भटकते लोगों और कोरोना संक्रमण से मौत का ग्रास बनते लोगों के चित्र आंखों के सामने घूमने लगते हैं। कोरोना काल के अनुभवों को देखते हुए इन दिनों बढ़ते कोरोना संक्रमण को हल्के में लेने की भूल नहीं करनी चाहिये। सरकार को जनहित में जहां जागरूकता अभियान चला देना चाहिए वहीं सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने की अनिवार्यता सख्ती से लागू करने की पहल करनी चाहिए। खासतौर से चिकित्सालयों में सख्ती से इसका पालन होना चाहिए।

इसके साथ ही केवल सरकार के भरोसे नहीं रहकर सभी सजग लोगों और संस्थाओं को आगे आना चाहिए। यह नहीं भूलना चाहिए कि इन बचाव उपायों पर होने वाले खर्च से कई गुणा नुकसान आम लोग व सरकार लॉकडाउन और अन्य कार्यों पर भुगतती रही है। सबकुछ बंद हो उससे बेहतर सुरक्षा साधनों के प्रति जागरूकता और सुविधाएं उपलब्ध कराने से अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। साथ ही अस्पतालों को अपनी व्यवस्थाओं को समय रहते चाक-चौबंद कर लेना चाहिए।

## सोशल मीडिया से...

सच के हक में...



बोहाग बिहू के विशेष अवसर पर असम के अपने बहनों और भाइयों के बीच होना मेरे लिए खुशी की बात है। 14 तारीख को विभिन्न विकास कार्यों का या तो लोकार्पण होगा या उनका शिलान्यास होगा, जो इसे और भी खास बिहू बना देगा।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी, जमीन महाघोटालेबाज आईएएस छवि रंजन पर कमिश्नर की जांच रिपोर्ट पर अब भी कार्रवाई कर उन्हें निलंबित कर मुकदमा करियेगा, या इस मामले में भी आप खुद के फंसने तक और इंतजार करियेगा? आप अपने ऐसे कितने लूट राजदारों को बचाने का प्रयास करियेगा? पता करिये, जाँच एजेंसियों के सामने मुंह खोलने और आपके लूट का कच्चा चिट्ठा का राज उगलने के लिये कई सरकारी-गैर सरकारी अभियुक्त सरकारी गवाह बनने के लिये लाईन लगाये हुए हैं। ऐसे में आप जॉच में बाधा डालने के इन गैर कानूनी हरकतों से और कितने दिन, कैसे बच पाइयेगा?

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# लोकतंत्र की राह

तमिलनाडु में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस की ओर से पथ संचलन के मसले पर सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है, वह एक तरह से लोकतंत्र का वह आम सबक है, जिसमें विभिन्न विचारों को जगह देना और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी होती है। गौरतलब है कि राज्य में सैंतालीस जगहों पर निकलने वाले पथ संचलन जुलूस के मसले पर राज्य सरकार का कहना था कि वह इसके पूर्ण विरोध में नहीं है, मगर संवेदनशील इलाकों में इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। सरकार का यह रुख तब भी बना रहा जब आरएसएस ने इसे लोगों के शांतिपूर्ण जमा होने के मौलिक अधिकार का हनन बताया था। तमिलनाडु सरकार के रुख को खारिज करते हुए मद्रास हाई कोर्ट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को तय मार्गों से पथ संचलन निकालने की इजाजत दे दी थी। हालांकि राज्य सरकार ने अपनी दलीलों के साथ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। अब शीर्ष अदालत ने भी जिस तरह मद्रास हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा, वह एक तरह से राज्य सरकार के लिए झटका है। देश की लोकतांत्रिक परंपराओं के आलोक में देखें तो इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट के रुख ने एक बार फिर राजनीतिक आग्रहों-पूर्वाग्रहों पर सोचने और उसमें सुधार का मौका मुहैया कराया है। राजनीतिक या सामाजिक मुद्दों पर काम करने वाले किसी संगठन के जुलूस या अन्य कार्यक्रम के आयोजन से उपजने वाली स्थितियों और उसके असर का आकलन करना सरकार की जिम्मेदारी है। वह उसके मुताबिक उसे इजाजत देने या न देने के बारे में अपना रुख करती रही है। लेकिन अगर कोई संगठन पहले ही अपने आयोजन के शांतिपूर्ण होने का भरोसा दे रहा हो, तो उससे किसी को क्यों आपत्ति होनी चाहिए! इसके बावजूद सरकार को परिस्थितियों के मद्देनजर कोई गैरकानूनी या अवांछित घटना होने की आशंका है, तो उसे लेकर सजग रहना और उसके मुताबिक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करना उसी की जिम्मेदारी है। सिर्फ आशंका के आधार पर किसी आयोजन को बाधित करना एक ओर जहां लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन की स्थितियां पैदा करता है, वहीं सुरक्षा व्यवस्था तय करने के लिए जवाबदेह तंत्र की जिम्मेदारी पर भी यह एक सवाल है। इस लिहाज से देखें तो तमिलनाडु सरकार का रुख पहले भी सवालों के घेरे में था, अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद स्थिति स्पष्ट हो जानी चाहिए। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि हमारा देश अलग-अलग विचारों, मतों और समुदायों का ऐसा ठोस समुच्चय है, जिस सबके मिलने से ही इसे मजबूती मिलती है। इसमें भिन्न विचारधाराओं को मानने वाले लोग और समूह अपने विचारों और आस्था के मुताबिक सांस्कृतिक या राजनीतिक गतिविधियां संचालित करते हैं। उससे सहमति रखने वाले लोग ऐसे किसी आयोजन में शामिल होते हैं, बाकी लोगों के लिए भी यह विचारों की भिन्नता भर होती है। परस्पर सहयोग वाले समाज में सद्भाव आधारित आयोजन सामूहिक सामाजिक भावना को मजबूत ही करता है। सही है कि आम जनता की भागीदारी वाले सार्वजनिक समारोहों को कई बार राजनीतिक हित साधने का जरिया बना लिया जाता है और कभी-कभी असामाजिक तत्त्व उथल-पुथल पैदा करने की कोशिश करते हैं। लेकिन ऐसे ही समय में सरकार और उसके प्रशासनिक तंत्र को सजग रह कर कानून-व्यवस्था को कायम रखने की जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। अगर कोई अप्रत्याशित और जोखिम की विकट परिस्थिति न हो तो किसी संगठन की गतिविधियों को सिर्फ राजनीतिक आग्रहों के आधार पर सीमित करने के बजाय सरकार को अपने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षक होने और उदार रवैये का परिचय देना चाहिए।

## मुझे कुछ कहना है...



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में सामान्य शिक्षा एवं व्यवसायिक शिक्षा के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने जारी किए अपने नए नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीएफ) में पुराणों, वेदों, धर्मशास्त्रों, ज्योतिष आदि भारतीय ज्ञान परंपरा के अन्य आयामों को भी शामिल करने की पहल की है। इसमें भारतीय ज्ञान परंपरा की 18 प्रमुख विद्याओं और 64 कला कौशल आदि का उल्लेख किया गया है। आयोग ने सभी उच्च शैक्षणिक संस्थानों से इसे लागू करने के लिए जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया है। एनसीएफ में विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वालों को क्रेडिट प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। कहा गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों में एक अहम मुद्दा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने वालों को क्रेडिट प्रदान करने का है। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने वालों को क्रेडिट प्रदान करने को खेल, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, सामाजिक कार्य, मंचीय कला, ललित कला, परंपरा, धरोहर, साहित्य, भारतीय ज्ञान परंपरा आदि क्षेत्रों में बढ़ावा दिया जाए। इस तरह कला क्षेत्र में नृत्य नाटिका, संगीत, भारतीय शास्त्रीय संगीत के अलावा पारंपरिक कला कौशल हासिल करने वाले तथा शिक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य सेवा आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट सामाजिक सेवा करने वाले लोग शामिल हैं। इसे एक अच्छी पहल के रूप में देखा जाना चाहिए। एक अच्छी बात यह भी हे कि नवोन्मेष एवं स्टार्टअप में कृषि एवं ग्रामीण विकास में स्वदेशी प्रोद्योगिकी के विकास में खास विशेषज्ञता रखने वाले शामिल हैं।

**तबरेज मास्टर, मदनपुर, कोकडोरो रांची।**

दैनिक द फोटोन न्यूज, के लिए प्रकाशित एवं स्वामित्व मां मीडिया वेंचर रोस्पा टावर, चौथा तल्ला, मेन रोड, रांची, शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट + थाना – रातू, जिला – रांची, झारखंड, पिन – 835222 से मुद्रित।
प्रधान संपादक – **फहीम अख्तर*** (M) +919431311669, RNI NO. आवेदित (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), website : www.thephotonnews.com, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर तीसरी जीत दर्ज करने उतरेगी केकेआर




**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में जीत की लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। केकेआर का लक्ष्य सनराइजर्स को हराकर जीत की हैट्रिक बनाना रहेगा। इससे पहले मैच में केकेआर को रिंकू सिंह की चमकारी बल्लेबाजी से जीत मिली थी। रिंकू ने गुजरात आइटंस के खिलाफ मैच के अंतिम ओवर में पांच छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी। अब रिंकू का लक्ष्य इस मैच में भी जमकर रन बनाते हुए ये साबित करना रहेगा कि पिछले मैच में उसकी पारी कोई तुक्का नहीं थी।

केकेआर के लिए यह 16 सत्र अच्छा रहा है। उसने पहले मैच में पंजाब किंग्स से हार मिली पर दूसरे मैच में शार्दुल ठाकुर के शानदार प्रदर्शन से केकेआर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की। वहीं तीसरे मैच में उसने गुजरात टाइटंस को हराया। इस प्रकार देखा जाये तो केकेआर के हौसले बुलंद हैं और ऐसे में अब उसे अपने घरेलू मैदान पर होने वाले मैच में हैदराबाद के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

टीम इस बार नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर के आईपीएल से बाहर होने के कारण नितीश राणा की कप्तानी में उतरी है। इस लीग में अब तक टीम के मुख्य ऑलराउंडर आंद्रे रसेल और कप्तान राणा का प्रदर्शन उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है। इसके बाद भी टीम के हौसले बुलंद हैं। ऐसे में अब रसेल और राणा भी इस मैच में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। रसेल ने पंजाब के खिलाफ पहले मैच में 19 गेंदों पर 35 रन बनाए थे लेकिन अगले दो मैचों में वह शून्य और एक रन ही बना पाए।

केकेआर ने अभी तक तीनों मैच में अलग-अलग सलामी जोड़ियां उतारी हैं और माना जा रहा है कि इस मैच में भी वह इसी रणनीति पर काम करेगी। सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय को रहमानुल्लाह गुरबाज की जगह पर अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों में जगह मिल सकती है। वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स के कप्तान एडेन मार्कराम के लिए यह मुकाबला बेहद कठिन रहेगा। उनकी टीम के पास हैरी ब्रूक, मयंक अग्रवाल और हेनरिक क्लासेन जैसे शानदार खिलाड़ी हैं पर जिस प्रकार से अब तक के मैचों में केकेआर के गेंदबाजों ने प्रदर्शन किया है उसको देखते हुए हैदराबाद के खिलाड़ियों की राह बेहद मुश्किल है। हैदराबाद के पास सीमित ओवरों के कई विशेषज्ञ खिलाड़ी हैं पर इनमें से कोई भी अबतक सफल नहीं रहा है।

सनराइजर्स ने पिछले मैच में राहुल त्रिपाठी की नाबाद 74 रन की पारी के बल पर पंजाब को आठ विकेट से हराया था। इस जीत से प्रेरित होते हुए सनराइजर्स की टीम केकेआर को कड़ी टक्कर देने का प्रयास करेगी। त्रिपाठी बीच के ओवरों में तेजी से रन बनाकर टीम को आगे ले जाने का प्रयास करेंगे। सनराइजर्स को युवा ब्रूक और क्लासेन से भी अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीदें रहेंगी।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** नितीश राणा (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), एन जगदीसन, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, शार्दुल ठाकुर, सुयश शर्मा, लॉकी फर्ग्युसन, उमेश यादव, वरुण चक्रवर्ती।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** एडेन मार्कराम (कप्तान), मयंक अग्रवाल, हैरी ब्रूक, राहुल त्रिपाठी, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, मार्को जानसन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक मारकंडे, उमरान मलिक, टी नटराजन।

सनराइजर्स के पास वाशिंगटन सुंदर और मयंक मार्कंडेय जैसे स्पिनर हैं। इसके अलावा उसके पास भुवनेश्वर कुमार और मार्को यानसन जैसे तेज गेंदबाज हैं जिससे वह केकेआर के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने का प्रयास करेगी।

# कैपिटल्स को अभी अच्छी टीम बनने में समय लगेगा : गांगुली



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली के अनुसार इस बार उनकी टीम में अनुभवी युवा खिलाड़ियों से भरी हुई है। इसी कारण उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। गांगुली के अनुसार इस टीम को एक विजयी इकाई में उभरने में समय लगेगा। इसलिए इस पर दबाव न बनाते हुए टीम को बेहतर होने के लिए समय देना चाहिये। कैपिटल्स की टीम इस सत्र में एक भी मैच नहीं जीती है हालांकि उसने सभी चारों मैचों में अंतिम गेंद तक संघर्ष किया। टीम अभी अंक तालिका में सबसे नीचे है। पूर्व भारतीय कप्तान के अनुसार इस प्रकार की हार निराशाजनक होती है पर खेल में हमें इस प्रकार के हालातों के लिए तैयार रहना होगा। साथ ही कहा कि खेल में इस प्रकार की चीजें होती रहती हैं। जब आप हारते हो तो यह कभी भी आसान नहीं होता। हमारी टीम में इतने सारे युवा खिलाड़ी हैं, इसलिए हमें अच्छी टीम बनने में समय लगेगा। इसके साथ ही गांगुली ने जोर दिया कि खिलाड़ियों को यह जानने की कोशिश करने की जरूरत है कि क्या चीज गलत रही।

उन्होंने कहा, ''यह केवल यहीं से हो सकता है और उम्मीद करता हूं कि ये युवा खिलाड़ी बेंगलुरू में बड़े स्कोर वाले विकेट पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि वापसी के लिए आपको स्वयं प्रयास करना पड़ता है। यह सभी के साथ होता है। इसके सबसे बेहतर तरीका है कि टीम एक इकाई की तरह से खेले।

# आईपीएल के आने वाले मुकाबलों में कांटे की टक्कर होना तय

**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अब आने वाले मैच बेहद संघर्षपूर्ण होना तय है। इसका अंदाजा इसी से होता है कि पिछले तीनों ही मैचों में विजेता का फैसला अंतिम गेंद पर हुआ है। बेहद रोमांचक रहे और सभी का परिणाम अंतिम गेंद पर निकला। मुंबई इंडियंस ने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराया। इस मैच में मुम्बई को अंतिम गेंद पर जीत के लिए 2 रन बनाने थे और टिम डेविड ने एनरिक नॉर्किया पर ये दो रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलायी। वहीं इससे पहले हुए मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स ने अंतिम गेंद पर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को एक विकेट से हराया था। तब अंतिम ओवर में लखनऊ को जीत के लिए 5 रन चाहिए थे और हर्षल पटेल ने 2 विकेट लेकर लखनऊ के हाथ से मैच दूर कर दिया था पर इसके बाद अंतिम गेंद पर आवेश खान और रवि बिश्नाई ने एक रन दौड़कर अपनी टीम को जीत दिला दी।




वहीं इसी प्रकार केकेआर ने चैंपियन गुजरात टाइटंस को 3 विकेट से हराया था। इस मैच में केकेआर की हार तय मानी जा रही थी पर रिंकू सिंह ने पांच गेंदों पर छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। आईपीएल अंकतालिका में अभी लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम 6 अंक के साथ शीर्ष पर है. उसने अब तक खेले 4 में से 3 मैच जीते है। वहीं राजस्थान रॉयल्स की टीम दूसरे, केकेआर तीसरे, गुजरात टाइटंस चौथे, चेन्नई सुपर किंग्स 5वें और पंजाब किंग्स की टीम छठे नंबर पर है। इन सभी के 2-2 अंक हैं पर रन औसत के आधार पर इन्हें अंक तालिक में अलग-अगल स्थान मिले हैं।


# विश्वकप में भारत और पाकिस्तान के बीच तीन मुकाबले होने की संभावना

**मुम्बई (एजेंसी)।** अक्टूबर और नवंबर में होने वाले एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप में दस टीमें भाग लेंगी। इसमें प्रत्येक टीम को 8 से अधिक मैच खेलने होंगे। इस टूर्नामेंट के लिए 7 टीमों को प्रवेश मिला है जबकि तीन टीमें क्वालिफाइंग मुकाबलों के जरिये प्रवेश हासिल करेंगी। इस टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच तीन मुकाबले हो सकते हैं। ये दोनो ही टीमें लीग राउंड के बाद सेमीफाइनल और फाइनल में भी एक-दूसरे के खिलाफ उतर सकती हैं। इन दोनो टीमों के बीच शुरुआत से अभी तक सात बार मुकाबला हुआ। है। दोनों टीमें एक बार फिर विश्व कप में एक-दूसरे के खिलाफ उतरने को तैयार रहेंगी। इस बार भारतीय टीम अपनी धरती पर होने वाले विश्वकप को जीतने के लिए पूरी ताकत लगा देगी। इससे पहले भारतीय टीम ने 2011 में अपनी ही धरती पर हुए विश्वकप को जीता था। इस टूर्नामेंट में फाइनल सहित कुल 48 मुकाबले होंगे। भारतीय टीम ने अब तक दो बार 1983 और 2011 में विश्वकप जीता था। वर्ल्ड कप में अब तक भारत के अलावा अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान ने प्रवेश हासिल किया है जबकि 8वीं टीम का फैसला बांग्लादेश और आयरलैंड के बीच होने वाली तीन मैचों की सीरीज में होगा। आयरलैंड की टीम यदि इस सीरीज में क्लीन स्वीप करती है, तो वह विश्व कप में प्रवेश हासिल कर लेगी। वहीं उसके एक भी मैच हारने पर दक्षिण अफ्रीकी टीम विश्वकप के लिए क्वालिफाई कर लेगी। आईसीसी टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच 3 मुकाबले खेले जा सकते हैं.

वहीं विश्व कपा की अंतिम 2 टीमों पर फैसला क्वालिफायर से होगा। आयरलैंड और दक्षिण अफ्रीका में से भी किसी एक टीम को क्वालिफायर में उतरना होगा। क्वालिफायर के मुकाबले 18 जून से 9 जुलाई के बीच जिम्बाब्वे में खेले जाएंगे। विश्वकप राउंड रॉबिन आधार पर खेल जाएगा। इसमें सभी दस टीमों को विरोधी टीमों के खिलाफ खेलना होगा। इस प्रकार एक टीम का 9 मैच खेलना तय है। इसके बाद शीर्ष-4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। इसमें इंग्लैंड की टीम टूर्नामेंट की डिफेंडिंग चैंपियन है। विश्वकप के लीग राउंड के बाद सेमीफाइनल मुकाबले होंगे। नंबर-1 टीम की भिड़ंत नंबर-4 से तो नंबर-2 का मुकाबला नंबर-3 से होगा।

# हरभजन ने बटलर को विश्व क्रिकेट का नंबर एक बल्लेबाज बताया

नई दिल्ली । टीम इंडिया के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने राजस्थान रॉयल्स सलामी बल्लेबाज जोस बटलर की जमकर प्रशंसा की है। हरभजन के अनुसार बटलर ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ स्पिन के अनुकूल पिच पर काफी अच्छी बल्लेबाजी की है। इससे वह विश्व के नंबर एक सलामी बल्लेबाज के तौर पर उभरे हैं। हरभजन ने कहा, मेरे पास बटलर की तारीफ करने के लिए शब्द नहीं हैं। वह एक शानदार बल्लेबाज है। वह क्रीज का अच्छा उपयोग करता है, उसके पास अच्छी तकनीक है, और उसके पास गति और स्पिन के खिलाफ खेलने के लिए एक अच्छा फुटवर्क भी है। मेरे लिए वह इस समय विश्व क्रिकेट में नंबर एक बल्लेबाज है। बटलर की बल्लेबाजी के बल पर ही रॉयल्स ने अच्छा स्कोर बनाते हुए साल 2008 के बाद चेपक स्टेडियम में अपनी पहली जीत दर्ज करने में सफलता हासिल की है। पहले बल्लेबाजी करते हुए बटलर ने 36 गेंदों में 52 रन बनाने के साथ ही सत्र का अपना तीसरा अर्धशतक लगाया। वहीं देवदत्त पडिक्कल ने 38, अश्विन ने 30, और शिमरोन हेटमेयर ने नाबाद 30 रन बनाये। पारी इस पारी के साथ ही बटलर ने आईपीएल में 3000 रन पूरे किए और तीसरे सबसे तेज ऐसा करने वाले खिलाड़ी बने। इसके बाद संदीप शर्मा ने अंतिम ओवर में महेन्द सिंह धोनी और रवींद्र जडेजा को 21 रन नहीं बनाने देकर अपनी टीम को जीत दिलायी।



# क्रिकेटर रवि बिश्नोई और विजय दहिया ने रामलला के दर्शन किये

**अयोध्या (एजेंसी)।** क्रिकेटर रवि बिश्नोई और पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज विजय दहिया ने अयोध्या पहुंचकर हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन किये हैं। बिश्नोई अभी आईपीएल में लखनऊ सुपरजाइंट्स की ओर से खेल रहे हैं। इन दोनो ही क्रिकेटरों ने मंदिर दर्शन के साथ ही निर्माण के काम को भी देखा। इस दौरान इन क्रिकेटरों को अपने सामने देख पुजारी से लेकर सुरक्षाकर्मियों तक हैरान हो गये और उन्होंने इसके बाद इन दोनो ही खिलाड़ियों के साथ तस्वीरें खिंचाने के साथ ही सेल्फी भी ली। ये दोनो ही खिलाड़ी निर्माणाधीन श्रीराम जन्मभूमि मंदिर देखकर बेहद खुश नजर आये। बिश्नोई और दहिया पहले अयोध्या हनुमानगढ़ी पहुंचे और दर्शन पूजन किया। इस दौरान उनके साथ पुलिस और निजी सुरक्षा गार्डों के कारण भी थे। ये दोनो ही इसके बाद श्रीराम जन्मभूमि परिसर में रामलला के दरबार में पहुंचे। रामलला का दर्शन करने के बाद उन्हें रामलला का विशेष प्रसाद और तुलसीजल दिया गया, इसके साथ ही सहायक पुजारी प्रदीप दास ने उन्हें तिलक लगाया और उनसे साथ सेल्फी ली। इसके बाद वह निर्माणाधीन श्रीराम जन्मभूमि मंदिर भी देखने गए और देखने के बाद अपनी खुशी भी जाहिर की।

# बल्लेबाजी के लिए हमेशा तैयार रहता हूं : अश्विन




चेन्नई । आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर जीत में अहम भूमिका निभाने वाले दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि वह हमेशा से ही बल्लेबाजी के लिए तैयार रहते हैं। अश्विन ने सीएसके के खिलाफ ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए बल्लेबाजी में 30 रन बनाने के साथ ही गेंदबाजी में 2 विकेट भी लिए। उन्हें इस शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड भी मिला। इसके बाद सैमसन ने कहा कि वह सभी लोगों को अपने प्रदर्शन से हैरान करते हैं। अश्विन ने कहा, मुझे लगता है कि मैं लोगों को हैरान करता हूं। जब भी मैं बल्लेबाजी के लिए जाता हूं, तो लोग सोचते हैं कि मैंने अभी फैसला किया और बाहर आ गया पर ऐसा नहीं है मुझे बल्लेबाजी के लिए भेजा जाता है। कप्तान संजू सैमसन का विकेट गिरने के कारण मुझे भेजा गया। मैं अपनी ताकत का आंकलन करने में कहीं बेहतर हूं, मुझे जमने के लिए कुछ गेंदें लगती हैं। मैं बल्लेबाजी में शुरू से ही तैयार रहता हूं। यह कोई आसान बात नहीं है पर यह अच्छी है। मैं अच्छी टेस्ट फॉर्म के साथ आया। मुझे लगता है कि मैं अच्छी पकड़ हासिल करने और गेंद को सही लेंथ पर गिराने में सक्षम हूं। अगर मैं उन चीजों को पिछले दो साल तक पंजाब किंग्स के साथ रहने के दौरान अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया तो इसका ये मतलब नहीं कि इस बार भी ऐसा ही होगा।

# एशेज सीरीज में आक्रामक रणनीति रखेगी इंग्लैंड : स्टोक्स

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि इस साल जून में होने वाली एशेज सीरीज में उनकी टीम आक्रामक रणनीति अपनाएगी। स्टोक्स के अनुसार उनकी टीम आक्रामक बल्लेबाजी के साथ ही तेज गेंदबाजी के लिए अनुकूल पिचों पर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं देगी। इंग्लैंड ने नये कोच ब्रैंडन मैकुलम के आने के बाद से ही टेस्ट मैचों में आक्रामक बल्लेबाजी की रणनीति अपनाई है। इसी कारण उसे काफी लाभ भी हुआ है और टीम ने 12 में से 10 मैचों में जीत हासिल की है।

स्टोक्स ने कहा कि बल्लेबाजी में अपनी इस रणनीति पर बने रहते हुए वह तेज गेंदबाजों को उतारकर एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के लिए मुश्किलें पैदा कर देंगे। स्टोक्स ने कहा, 'अगर मैं चाहता तो 20 सदस्यीय टीम चुन सकता था। मैंने चिकित्सा टीम से कहा है कि वह मुझे चयन के लिए आठ गेंदबाज मुहैया कराए। इस साल मैच काफी करीबी होने वाले हैं इसलिए मैं चाहता हूं कि प्रत्येक मैच के लिए हमारे पास विकल्प उपलब्ध रहें। इस खिलाड़ी ने फिर से एशेज हासिल करने के लिए अपने दिमाग में अंतिम एकादश तय कर ली है। एशेज में पांच मैचों की श्रृंखला 16 जून से एजबेस्टन में शुरू होगी। जो रूट की अगुवाई में इंग्लैंड पिछली श्रृंखला में 0-4 से हार गया था। स्टोक्स ने कहा, 'हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास चयन के लिए अच्छे खिलाड़ियों का समूह है। मैं जानता हूं कि मुझे किस अंतिम एकादश के साथ मैदान पर उतरना है। इंग्लैंड के पास अनुभवी जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के अलावा जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड और ओली स्टोन के जैसे तेज गेंदबाज है जिससे उसके लिए सीरीज जीतना आसान रहेगा।




# भारत ने सुहल जूनियर निशानेबाजी विश्व कप के लिए 39 सदस्यीय टीम चुनी

नई दिल्ली। भारत ने जर्मनी के सुहल में एक से छह जून तक होने वाली आईएसएसएफ विश्व कप जूनियर राइफल/पिस्टल/शॉटगन निशानेबाजी प्रतियोगिता के लिए गुरुवार को 39 सदस्यीय टीम घोषित की। जूनियर विश्व कप के बाद कोरिया में चांगवोन में जुलाई में जूनियर विश्व चैंपियनशिप भी होगी। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) द्वारा घोषित टीम में कई ऐसे निशानेबाज हैं जो पिछले कुछ समय से जूनियर स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इनमें पिस्टल वर्ग में सिमरनजीत कौर बरार, राजकंवर सिंह संधू और समीर तथा राइफल वर्ग में अभिनव साव और धनुष श्रीकांत के अलावा शॉटगन वर्ग में शारदुल विहान और प्रीति राजक शामिल हैं। गौतमी भनोट और स्वाति चौधरी (राइफल), अभिनव चौधरी और शुभम बिस्ला (पिस्टल) तथा सबीरा हैरिस और हरमेर सिंह लाली (शॉटगन) जैसे उभरते हुए निशानेबाजों को भी टीम में जगह मिली है। मिश्रित टीम एयर राइफल, एयर पिस्टल और ट्रैप स्पर्धाओं के लिए दो मिश्रित टीम जोड़ियों की घोषणा भी की गई।

# कोच फ्लेमिंग को उम्मीद, घुटने में दर्द के बाद भी सीएसके की कप्तानी करते रहेंगे धोनी

### -तेज गेंदबाज सिसांडा के बाहर होने के साथ ही चोटिल खिलाड़ियों की तादाद बढ़ी

**चेन्नई (एजेंसी)।** आईपीएल के 16 वें सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। टीम के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी सहित कई खिलाड़ी फिटनेस की समस्या से जूझ रहे हैं। धोनी घुटने की चोट के कारण बाहर हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स के साथ मुकाबले में चोटिल होने के कारण दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज सिसांडा मगाला भी दो सप्ताह के लिए खेल से बाहर हो गये हैं। टीम के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि धोनी घुटने की चोट से जूझ रहे हैं। फ्लेमिंग ने रॉयल्स के हाथों तीन रन से मिली हार के बाद कहा, 'धोनी घुटने की चोट से जूझ रहे हैं। इससे उन्हें थोड़ी परेशानी हो रही है। उनकी फिटनेस किसी पेशेवर खिलाड़ी की तरह रही है।'




फ्लेमिंग को हालांकि विश्वास है कि धोनी अपनी चोट को संभाल लेंगे और टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, 'वह मैच फॉर्म में वापस आने के लिए अपने तरीके से काम करते हैं और आप देख सकते हैं कि वह काफी अच्छा खेल रहे हैं।' वहीं सिसांडा बुधवार को केवल दो ओवर यह कर पाए और उन्हें चोटिल होने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। फ्लेमिंग ने कहा, 'हम फिर से एक और खिलाड़ी की सेवाएं नहीं ले पाएंगे। हम पहले ही चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे हैं। इसलिए मैं चाहता हूं इस संख्या में बढ़ोतरी रुके।'

टीम की ओर से खेल रहे इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स एड़ी के चोट के कारण पहले ही इस मैच से बाहर हैं। वहीं तेज गेंदबाज दीपक चाहर हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पहले ही आईपीएल से बाहर हो गये थे। कोच के अनुसार न्यूजीलैंड में कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाए गए श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना अब ठीक हो गए हैं और उन्हें शामिल किया जाएगा। हैं।

# वॉल्श महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद से बाहर हुए

जमैका । वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने कोच कर्टनी वॉल्श को वेस्टइंडीज की राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद से हटा दिया है। वेस्टइंडीज बोर्ड ने टीम के दक्षिण अफ्रीका में हाल में खेले गए टी20 विश्वकप कप के नॉकआउट चरण में पहुंचने में विफल रहने के बाद वॉल्श को बाहर किये जाने की घोषणा की। बोर्ड ने कहा कि वॉल्श और अन्य सहयोगी स्टाफ की जगह जल्द ही नई नियुक्ति होगी। टी20 विश्वकप कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद सहयोगी स्टाफ के किसी भी सदस्य का अनुबंध आगे नहीं बढ़ाया गया है। वेस्टइंडीज टी20 विश्वकप में पहले दो मैचों में इंग्लैंड और भारत से हार गया था। इसके अलावा आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ जीत के बाद भी टीम अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर रही थी। वॉल्श अक्टूबर 2020 में वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने थे। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने बयान में कहा, 'क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने महिला टीम के मुख्य कोच कर्टनी वॉल्श के अनुबंध को नहीं बढ़ाने का फैसला किया है और उनके स्थान पर नई नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी।,'

# एसी मिलान ने नेपोली को 1-0 से हराया



मिलान। एसी मिलान ने इस्माइल बेनेसर के गोल की मदद से चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में नेपोली को 1-0 से पराजित किया। इस्माइल बेनेसर ने 40वें मिनट में गोल दागा जिससे एसी मिलान अपने कट्टर प्रतिद्वंदी पर बढ़त बनाने में सफल रहा। यह एसी मिलान की दो सप्ताह से भी कम समय में नेपोली पर दूसरी जीत है। उसने दो अप्रैल को सीरि ए के मुकाबले में नेपोली को 4-0 से हराया था। नेपोली को मिडफील्डर आंद्रे फैंक ज़ाम्बो एंगुइसा को दूसरा पीला कार्ड मिलने के कारण अंतिम 16 मिनट में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इन दोनों टीमों के बीच क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण अगले मंगलवार को नेपल्स में खेला जाएगा। इस क्वार्टर फाइनल की विजेता टीम का मुकाबला सेमीफाइनल में इंटर मिलान या बेनफिका से होगा। इंटर मिलान ने क्वार्टर फाइनल का पहला चरण 2-0 से जीता था।

# दोहा डाइमंड लीग के साथ सत्र की शुरुआत करेंगे नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा दोहा में पांच मई को सितारों से सजी डाइमंड लीग प्रतियोगिता के साथ सत्र की शुरुआत करेंगे। पिछले साल सितंबर में डाइमंड लीग का ग्रैंड फिनाले जीतने वाले गत चैंपियन 25 साल के चोपड़ा के अलावा विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और ओलंपिक रजत पदक विजेता याकुब वाडलेच भी इस 14 चरण की एक दिवसीय सीरीज की सत्र की पहली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। पिछले साल स्टॉकहोम में डाइमंड लीग प्रतियोगिता में रजत पदक के दौरान 89.94 मीटर का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले चोपड़ा अभी तुर्किये में ट्रेनिंग कर रहे हैं और 31 मई तक वहां रहेंगे।

चोट के कारण यह भारतीय सुपरस्टार दोहा 2022 डाइमंड लीग में नहीं खेल पाया था जहां पीटर्स ने 93.07 मीटर की दूरी के साथ खिताब जीता था जो इतिहास की पांचवीं सबसे लंबी दूरी थी। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता वाडलेच 90.88 मीटर के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। इस स्टार तिकड़ी के अलावा दोहा प्रतियोगिता में यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर, त्रिनिदाद एवं टोबैगो के पूर्व ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकोट (निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 90.16 मीटर), पूर्व विश्व चैंपियन और 2016 ओलंपिक रजत पदक विजेता कीनिया के जूलियस येगो (निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 92.72 मीटर) भी टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे।

ट्रैक एवं फील्ड में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय चोपड़ा की नजरें इस साल 90 मीटर के लक्ष्य को हासिल करने पर टिकी हैं। चोपड़ा ने कहा, ''मैं 90 मीटर की दूरी के करीब पहुंच रहा हूं इसलिए इसे हासिल करना मेरे लिए काफी मायने रखता है।' उन्होंने कहा, ''पिछला साल मेरे लिए अच्छा था जहां विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक के साथ मैंने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वांडा डाइमंड लीग जीती। यह साल नए मौके लेकर आएगा। इन गर्मियों में मेरा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप के साथ एशियाई खेल हैं और वांडा डाइमंड लीग खिताब का बचाव भी करना है।'




तोक्यो ओलंपिक में 2021 में इतिहास रचने के बाद चोपड़ा ने अमेरिका में 2022 विश्व चैंपियनशिप में रजत जीता जहां पीटर्स ने स्वर्ण जीता। वह हालांकि चोट के कारण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक की रक्षा करने नहीं उतरे जो उन्होंने 2018 प्रतियोगिता में जीता था। चोपड़ा ने हालांकि चोट से उबरने के बाद स्विट्जरलैंड में डाइमंड लीग फाइनल जीता। डायमंड लीग 2023 सत्र की शुरुआत पांच मई को दोहा के कतर स्पोर्ट्स क्लब में होगी और इसका समापन अमेरिका के यूजीन (16-17 सितंबर) में दो दिन चलने वाले फाइनल के साथ होगा।



# मैं सांस लेना चाहता हूं ताकि मैं काम कर सकूं: विवेक अग्निहोत्री

पांच साल पहले, अमेरिका स्थित दृष्टिकोण ने गौतम नवलखा पर एक आर्टिकल पब्लिश किया था, जिन्हें भारत की अखंडता और संप्रभुता को खतरे में डालने के गंभीर आरोप में गिरफ्तार किया गया था। मैंने केवल सोर्स और लेखक का हवाला देते हुए लेख को एक ट्वीट थ्रेड के रूप में पोस्ट किया था। इसके बाद, दिल्ली हाई कोर्ट ने दृष्टिकोण, श्री एस. गुरुमूर्ति और मेरे खिलाफ अदालत की अवमानना का सूओ मोटो जारी किया। आर्टिकल को लेखक ने फौरन माफी के साथ हटा दिया था, जिसके बाद श्री एस गुरुमूर्ति ने अदालत में बिना शर्त माफी मांगी। इससे मेरे पास कोई अधिकार नहीं रह गया था और मैं नैतिक और बौद्धिक रूप से उस सोर्स से जानकारी शेयर करने के लिए माफी मांगने के लिए मजबूर था। इसे न्याय और साहस की लड़ाई के रूप में अन्यथा पेश करना दिखावा और गलत होगा। इस मुद्दे में जो नहीं है उसमें बदलकर गैलरी में प्ले करना सही नहीं है और क्रिएटिव एनर्जी की सरासर बर्बादी है। मेरे मन में भारतीय न्यायपालिका के लिए बहुत सम्मान है और मैं कभी भी ऐसा कुछ भी नहीं कहूंगा या लिखूंगा जो बिना किसी बुनियाद हो और जो हमारी न्यायपालिका की पवित्रता के खिलाफ हो, जो हमारे राष्ट्र के स्तंभों में से एक है। किसी व्यक्ति को कानूनी मामलों में फंसाना, गलत खबरों के जरिए उसे बदनाम करना और हर समय प्रतिक्रिया देने में उनका टाइम और एनर्जी बर्बाद करना ताकि उनका ध्यान उनके काम से भटकाया जा सके, हमारे लोकतंत्र में आम बात नहीं है। द कश्मीर फाइल्स के रिलीज होने के बाद से, मुझे चरमपंथियों, अलगाववादियों, मीडिया, पॉलिटिकल पार्टीज, खतरनाक कम्युनल फैक्ट चेकर्स, कुछ निहित एजेंसियों, फिल्म फेस्टिवल जूरी मेंबर्स, और उनके ट्रोल और बॉट्स के विभिन्न सेक्शन द्वारा ऑनलाइन और रियल लाइफ में, दोनों में परेशान किया गया है। मेरे खिलाफ खुले फतवे और धमकियां हैं। मुझे एक्टर्स से लेकर फंडामेंटलिस्ट रिलीजियस बॉडीज से लेकर कोर्ट केसेस तक, कई कानूनी नोटिस दिए गए हैं। मेरे परिवार, (खासकर के मेरी छोटी बेटी) को कुछ कम्युनल फैक्ट चेकर्स और उनके सहयोगियों द्वारा खुलेआम एब्यूज किया जा रहा है और धमकाया जा रहा है। यह मेरी हकीकत है और यह सब पब्लिक डोमेन में है। अपने काम के जरिए एक इंडिक पुनर्जागरण के अपने मिशन में बिना धैर्य खोए मैं अपने प्रोजेक्ट पर दृढ़ विश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ फोकस्ड हूं। मेरा मकसद भारतीय सभ्यता की महानता के बारे में जागरूकता पैदा करना और हमारे महान इतिहास, दर्शन, बलिदान, शक्ति और उपलब्धियों को उजागर करना है ताकि युवा पीढ़ी अपनी समृद्ध विरासत पर गर्व महसूस कर सके। मैंने अपनी सभ्यता की सच्चाई को उजागर करने वाली परियोजनाओं के लिए लगातार अपने जीवन और संसाधनों को जोखिम में डाला है। अर्बन नक्सल से लेकर द कश्मीर फाइल्स तक, मेरी टीम और मैंने एक अनोखी लड़ाई लड़ी है। भारत की सॉफ्ट पावर के रूप में सिनेमा का इस्तेमाल करने के अलावा, हम कई यंग इंडियन स्टोरीटेलर्स को भी एम्पावर कर रहे हैं। यह सब लगातार फोकस के जरिए ही मुमकिन है, बिना किसी डिस्ट्रैक्शन के – चाहे वह कानूनी हो या राजनीतिक, मैं अपने जीवन में ज्यादा क्रिएटिव और स्पिरिचुअल एनर्जी के लिए जगह बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं ताकि मैं वह कर सकूं जो पहले कभी नहीं किया गया। एक प्राइड इंडियन के रूप में, मैं चाहता हूं कि भारत दुनिया के लिए एक प्रेरणा बने। और भारतीय नवजागरण के इस काम में मेरा योगदान तभी संभव है जब मैं वह कर सकूं जो मैंने सोचा है। तब तक मैं रियल वॉर के लिए अपनी एनर्जी बचाना चाहता हूं। तब तक मैं सांस लेना चाहता हूं. ताकि मैं बना सकूं।



## अंगूरी मेरे जन्मदिन पर भगवान का दिया सबसे बड़ा तोहफा हैं: शुभांगी आत्रे

टीवी अभिनेत्री शुभांगी आत्रे मंगलवार को अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने कहा कि यह और भी खास है क्योंकि इसी दिन उन्होंने सात साल पहले भाबीजी घर पर हैं साइन किया था। उन्होंने कहा कि जश्न मनाने का कोई प्लान नहीं है क्योंकि वह शूटिंग में व्यस्त हैं। अभिनेत्री ने कहा कि मेरा जन्मदिन मेरे लिए कई कारणों से खास है। इसका एक कारण उस किरदार के लिए साइन अप करना था जिसने मेरी जिंदगी बदल दी। सात साल पहले, मेरे जन्मदिन पर, मैंने टीवी के सबसे पसंदीदा पात्रों में से एक बनने के लिए अपने शो भाबीजी घर पर है के लिए साइन अप किया था। अंगूरी का किरदार मेरे जन्मदिन पर भगवान द्वारा दिया गया सबसे बड़ा उपहार है, और मैं इसे हमेशा याद रखूंगी। शुभांगी ने साझा किया कि उनके पास अपने जन्मदिन के लिए कोई जश्न मनाने की योजना नहीं है। आगे कहा कि एक्टिंग से मुझे बेहद खुशी मिलती है और मुझे अपने जन्मदिन पर काम करने में मजा आता है। मैं अपने शो के लिए शूटिंग करूंगी और इस खास दिन को सेट पर अपने परिवार के साथ मनाऊंगी। वीकेंड के दौरान मैं अपनी बेटी और कुछ दोस्तों के साथ मुंबई के पास के एक हिल स्टेशन की यात्रा करूंगी। हमने अभी वेन्यू तय नहीं किया है, लेकिन मैं अपने वीकेंड गेटअवे को लेकर पहले से ही उत्साहित हूं। प्रकृति की गोद में समय बिताने के अलावा ब्रह्मांड के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने का इससे अच्छा तरीका और क्या हो सकता है। अभिनेत्री ने कहा, मैं पढ़ूंगी, ध्यान करूंगी और अपना पसंदीदा संगीत सुनूंगी। मैं भाग्यशाली हूं कि मैंने अपने सपनों को हासिल किया और मैं अपने अभिनय क्षमता को ओर निखारना चाहती हूं। मैं एक अभिनेत्री के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ देना जारी रखूंगी।

# आदित्य नारायण ने सोशल मीडिया से लिया ब्रेक




बॉलीवुड के फेमस सिंगर और टीवी एंकर आदित्य नारायण ने सोशल मीडिया से ब्रेक लेने का ऐलान कर दिया है। इतना ही नहीं आदित्य ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से सभी तस्वीरें और वीडियो भी डिलीट कर दी है। आदित्य ने अपने इस फैसले की घोषणा करते हुए इंस्टाग्राम पर लंबा चौड़ा पोस्ट साझा किया। उन्होंने इंटरनेट से ब्रेक लेने के पीछे के कारणों का भी खुलासा किया है।

आदित्य नारायण ने लिखा, इससे पहले कि कोई आगे बढ़े, मैं अपने सभी शुभचिंतकों को बता दूं कि मैं बिल्कुल ठीक हूं। मैं एक डिजिटल ब्रेक पर हूं। खुशी खुशी अपनी बेटी, पत्नी, माता-पिता और प्रियजनों के साथ समय बिता रहा हूं और साथ ही अपने पहले एल्बम सांसें को अंतिम रूप दे रहा हूं। उन्होंने लिखा, मैंने सभी पोस्ट यों हटाई हैं? क्योंकि यह मेरे डिजिटल कैनवास की तरह है और मैं अपनी पिछले तस्वीरों को मिटाना चाहता हूं और नए सिरे से शुरुआत करना चाहता हूं, जैसे कि नई पेंटिंग शुरू कर रहा हूं। यह मेरा विश्वास है कि हमें समयसमय पर अपने वर्तमान सामाजिक बंधनों से खुद को अलग करना चाहिए। अपने साथ समय बिताना चाहिए और अपने भीतर झांकना चाहिए, क्योंकि यहां से मैंने जीवन की सबसे गहरी अंतर्दृष्टि प्राप्त की है।



## पत्रकार असॉल्ट मामले में सलमान बरी हुए

पत्रकार मारपीट मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने सलमान खान और उनके बॉडीगार्ड को बड़ी राहत दी है। 2019 में एक्टर के खिलाफ दर्ज हुए एक मामले को कोर्ट ने खारिज कर दिया है और उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। न्यायलय ने कहा है कि ज्यूडिशियल प्रोसेस केवल इसलिए बे-मतलब हैरेसमेंट का जरिया नहीं होना चाहिए, क्योंकि आरोपी एक सेलिब्रिटी है। दरअसल, 2019 में पत्रकार अशोक पांडे ने सलमान खान और उनके बॉडीगार्ड नवाज शेख के खिलाफ डराने-धमकाने और मारपीट करने का आरोप लगाया था, जिसके तहत लोअर कोर्ट में मामला दर्ज किया गया था। बॉम्बे हाईकोर्ट की जस्टिस डांगरे ने 30 मार्च को सलमान और उनके बॉडीगार्ड नवाज की दायर एप्लिकेशन को एक्सेप्ट कर लिया और लोअर कोर्ट की तरफ से जारी की गई कार्यवाही और समन को भी रद्द कर दिया था।



## आदित्य चोपड़ा नहीं बना रहे धूम-4 आमिर को हुई निराशा

पठान की व्यापक सफलता के बाद आदित्य चोपड़ा का पूरा ध्यान अब अपने स्पाई यूनिवर्स की फिल्मों पर लगा हुआ है। इस यूनिवर्स के तहत उनकी आगामी फिल्म टाइगर-3 है, जो टाइगर सीरीज की 3री फिल्म है। इससे पहले इस सीरीज की दो फिल्में एक था टाइगर (2012) और टाइगर जिंदा है (2019) आ चुकी हैं। पठान की सफलता ने जहाँ आदित्य चोपड़ा के बैनर को फिर से स्थापित करने में सफलता प्राप्त की, वहीं दूसरी ओर इस फिल्म की सफलता ने आमिर खान को भी अपने करियर के लिए आशान्वित किया। लालसिंह चड्ढा की असफलता के बाद से फिल्मों से ब्रेक लेने वाले आमिर खान ने फिल्मों में सफलता के साथ वापसी के लिए धूम सीरीज को देखा। उन्हें उम्मीद थी कि आदित्य चोपड़ा धूम के 4थे भाग को बनाने के लिए उनके कहने पर तैयार हो जाएंगे और उनकी फिल्मों में शाहरुख खान की तरह सफल वापसी हो जाएगी। लेकिन आमिर खान को आदित्य चोपड़ा की तरफ से निराशा हाथ लगी है। एक रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से लिखा है, यशराज फिल्म्स का आत्मविश्वास पठान के बाद से काफी बढ़ गया है और ऐसे में वो इस वक्त सिर्फ फ्रैंचाइजी मूवीज को आगे ले जाना चाहता है। उनका पूरा ध्यान अभी सिर्फ स्पाई यूनिवर्स की फिल्मों पर है, जो हर फिल्म के साथ आगे बढ़ेगा। ऐसा नहीं है कि आदित्य चोपड़ा अपनी धूम सीरीज को आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं, उनकी धूम सीरीज की अन्तिम फिल्म को प्रदर्शित हुए करीब एक दशक हो चुका है। कहा जा रहा है कि आदित्य चोपड़ा धूम-4 बनाना तो चाहते हैं लेकिन वे इस फिल्म में आज के युवा सुपर सितारों रणबीर कपूर और रणवीर सिंह को लेना चाहते हैं। जिससे फिल्म आज के माहौल को प्रदर्शित करने में सफल हो सके। तू झूठी मैं मक्कार के प्रमोशन के दौरान रणबीर कपूर से जब धूम-4 के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह तो आदित्य ही बना सकते हैं वे धूम-4 किसे लेकर बनाना चाहते हैं। वैसे यदि इस फिल्म का प्रस्ताव मेरे पास आता है तो मैं सहर्ष इसे स्वीकार करूंगा। जहाँ तक बात आमिर खान की है तो उन्होंने लाल सिंह चड्ढा के बाद फिल्मों से ब्रेक लेने की घोषणा की थी। फिर उन्होंने अपने बैनर की एक फिल्म के लिए सलमान खान को प्रस्ताव दिया था, लेकिन बात बनी नहीं। अब यह कहा जा रहा है कि आमिर खान अपनी वापसी के लिए किसी एक्शन फिल्म की पटकथा का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें धूम का विचार आया, लेकिन आदित्य चोपड़ा की धूम के प्रति उदासीनता ने उन्हें पूरी तरह से निराश कर दिया है।

## कन्नड़ फिल्म केडी की शूटिंग के दौरान संजय दत्त को लगी चोट


बॉलीवुड सुपरस्टार संजय दत्त फिलहाल बेंगलुरु के आसपास के इलाकों में अखिल भारतीय कन्नड़ फिल्म केडी की शूटिंग कर रहे हैं। वह एक बम विस्फोट सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान घायल हो गए। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि बम विस्फोट के सीन की शूटिंग के दौरान संजय दत्त की कोहनी, हाथ और चेहरे पर चोटें आई। इस घटना के बाद फिल्म की शूटिंग रोक दी गई है। फाइट मास्टर डॉक्टर रवि वर्मा फिल्म के लिए फाइट कंपोज कर रहे थे। घटना की सटीक जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। फिल्म उद्योग के सूत्रों ने बताया कि यह घटना बेंगलुरु के मगदी रोड पर हुई थी। फिलहाल, संजय दत्त चोटों से उबर रहे हैं। केजीएफ चैप्टर 1 और 2 के बाद, संजय दत्त एक्शन हीरो ध्रुव सरजा की कन्नड़ फिल्म केडी में एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। केडी प्रेम द्वारा निर्देशित है और केवीएन बैनर के तहत निर्मित है। बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी भी फिल्म में एक प्रमुख भूमिका निभा रही हैं।



## आलिया इस साल मेट गाला में करेंगी डेब्यू



बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट हार्ट ऑफ स्टोन के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शुरूआत करने जा रही हैं। वह साल के सबसे बड़े फैशन इवेंट्स में से एक मेट गाला में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। मेट गाला की स्थापना 1948 में हुई थी। इस साल इसकी थीम कार्ल लेगरफेल्ड- ए लाइन ऑफ ब्यूटी है। यह थीम दिवंगत डिजाइनर की कलात्मक प्रतिभा के सम्मान में तय की गई है। एक्ट्रेस रेड कार्पेट के लिए प्रबल गुरुंग की आउटफिट पहनेंगी। बात करें तो, आलिया के लिए गैल गैडोट के साथ नेटफ्लिक्स की हार्ट ऑफ स्टोन और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ रोमांचक साल है। साल 2022 उनके लिए व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों मोर्चों पर शानदार रहा था। उन्होंने पिछले साल अपने ब्वॉयफ्रेंड व एक्टर रणबीर कपूर से शादी की और नवंबर 2022 में अपनी बेटी राहा को जन्म दिया।



## सामंथा, वरुण के साथ सिटाडेल इंडिया में शामिल हुए सिकंदर

अमेरिकी टीवी सीरीज सिटाडेल के हिंदी रीमेक में समांथा रुथ प्रभु और वरुण धवन के साथ एक्टर सिकंदर खेर स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। निर्माता धीरे-धीरे हिंदी रीमेक के लिए अन्य कलाकारों को अंतिम रूप दे रहे हैं और सिकंदर खेर को टीम में शामिल किया है। यह शो हिट फिल्म निर्माता जोड़ी राज और डीके द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। प्रोडक्शन टीम के एक करीबी सूत्र का कहना है- सिकंदर खेर सिटाडेल के हिंदी वर्जन के कलाकारों में शामिल किए गए हैं। उन्होंने मुंबई में हुए अमेरिकी वर्जन के भारत प्रीमियर में भी भाग लिया। सिटाडेल सीजन के सबसे बड़े शो में से एक होने का अनुमान है। यह पहली बार होगा जब सिकंदर राज और डीके एक साथ काम करेंगे। हिंदी वर्जन में वरुण प्रमुख भूमिका में होंगे। शो में समांथा भी वो भूमिका निभाएंगी, जो मूल रूप से प्रियंका चोपड़ा द्वारा निभाई गई है।



## बॉलीवुड डेब्यू से पहले ही सुहाना खान बनीं इस इंटरनेशनल ब्यूटी ब्रांड की ब्रांड एम्बेसेडर

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान ने भले ही अब तक बॉलीवुड में डेब्यू नहीं किया हो, लेकिन वह हमेशा लाइमलाइट में बनी रहती हैं। सुहाना जल्द ही जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। लेकिन इससे पहले ही सुहाना एक बड़े ब्रांड की ब्रांड एम्बेसेडर बन गई हैं। सुहाना खान न्यूयॉर्क बेस्ड ब्यूटी ब्रांड मेबेलिन की ब्रांड एम्बेसेडर बन गई हैं। बीते दिन आयोजित एक मीडिया इवेंट में सुहाना को ब्रांड एंबेसडर बनाने का ऐलान किया गया है। इस इवेंड में सुहाना रेड कलर की ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिख रही थीं। सुहाना खान ने मीडिया से बात करते हुए कहा, मैं यहां आकर काफी एक्साइटेड हूं, यहां आने को लेकर मैं वास्तव में काफी उत्साहित हूं। आपलोग वो सबकुछ जल्द देखें जिसे हमने इस प्रॉडक्ट के लिए शूट किया है। ब्रांड एम्बेसेडर बनना मेरे लिए काफी सम्मान की बात है। बॉलीवुड डेब्यू से पहले ही सुहाना खान का किसी इंटरनेशनल ब्रांड से साथ जुड़ना उनके पोर्टफोलियो में बहुत बड़ी उपलब्धि है। वह इस अचीवमेंट से काफी खुश हैं।